दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201

वर्ष-5, अंक: 95 | जयपुर बुधवार ,15 अक्टूबर 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:




# विकास, वृद्धि और समृद्धि के लिए शांति आवश्यक: राजनाथ

**नई दिल्ली**
**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सैन्य योगदानकर्ता देशों (यूएनटीसीसी) के प्रमुखों के सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था को बनाए रखने में भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि कुछ देश अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करके उन्हें कमजोर कर रहे हैं। कुछ देश अपने नियम बनाकर अगली सदी पर हावी होना चाहते हैं। अपनी स्वतंत्रता के आरंभ से ही भारत अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने मिशन में संयुक्त राष्ट्र के साथ दृढ़ता से खड़ा रहा है। संयुक्त राष्ट्र में सैन्य योगदान देने वाले 32 देशों के वरिष्ठ अधिकारियों का सम्मेलन नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में शुरू हुआ है, जो 16 अक्टूबर तक चलेगा।

पहली बार भारतीय सेना की मेजबानी में हो रहे इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सैनिक भेजने वाले देशों के प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेने आये हैं। इनमें अल्जीरिया, आर्मेनिया, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्राजील, बुरुंडी, कंबोडिया, मिस्र, इथियोपिया, फिजी, फ्रांस, घाना, इटली, कजाखिस्तान, केन्या, किर्गिस्तान, मेडागास्कर, मलेशिया, मंगोलिया, मोरक्को, नेपाल, नाइजीरिया, पोलैंड, रवांडा, श्रीलंका, सेनेगल, तंजानिया, थाईलैंड, युगांडा, उरुग्वे और वियतनाम के प्रमुख भागीदारी कर रहे हैं। उद्घाटन सत्र में रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के लिए यह सिर्फ. बातचीत का विषय नहीं है, क्योंकि हजारों भारतीय संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले शांति और विकास के लिए काम करते हैं। यह एक प्रमुख उदाहरण है, जो भारत के सिद्धांत और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




## भारत के लिए शांति स्थापना आस्था का विषय रहा: राजनाथ सिंह

राष्ट्रों ने महसूस किया कि विकास, वृद्धि और समृद्धि के लिए शांति आवश्यक है। भारत संयुक्त राष्ट्र चार्टर का संस्थापक हस्ताक्षरकर्ता था। यह भारत के अपने 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दर्शन को दशार्ता है, जो हमें सिखाता है कि दुनिया एक परिवार है। सम्मेलन में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि शांति स्थापना में सबसे बड़े योगदानकताओं में से एक भारत ने संयुक्त राष्ट्र के कुल 71 शांति अभियानों में से 51 अभियानों में लगभग 3 लाख पुरुषों और महिलाओं को भेजा है। हमारे सैनिकों ने अदम्य संकल्प के साथ सेवा की है, साथ ही हमें अमूल्य अनुभव भी प्राप्त हुआ है, जिसे हम हमेशा सभी के साथ साझा करने के लिए तत्पर हैं।

## भारत संयुक्त राष्ट्र के साथ दृढ़ता से खड़ा रहा: सिंह

अपनी स्वतंत्रता के आरंभ से ही भारत अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने मिशन में संयुक्त राष्ट्र के साथ दृढ़ता से खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत महात्मा गांधी की भूमि है, जहां शांति हमारे अहिंसा और सत्य के दर्शन में गहराई से निहित है। महात्मा गांधी के लिए शांति केवल युद्ध नहीं, बल्कि न्याय, सद्भाव और नैतिक शक्ति की एक सकारात्मक स्थिति थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि हजारों भारतीय संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले शांति स्थापना के विचार के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि यह आस्था का विषय है, न कि केवल पसंद का कार्य। उन्होंने कहा कि यूएनटीसीसी प्रमुखों का सम्मेलन शांति और मानवीय गरिमा को बनाए रखने के प्रयासों की पुष्टि करता है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के महत्व पर चर्चा की, जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुई तबाही के बाद बनाया गया था।

उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन शांति, स्थिरता और मानवीय गरिमा को बनाए रखने के हमारे सामूहिक प्रयास की पुष्टि है, जो संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का आधार है। द्वितीय विश्व युद्ध की तबाही के बाद संयुक्त राष्ट्र चार्टर का निर्माण एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम था।

## बंगाल: भाजपा का 'ऑपरेशन लाल मिर्च'

**कोलकाता**
पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर में ओडिशा की रहने वाली मेडिकल छात्रा के साथ हैवानियत की गई। इस घटना के बाद विपक्षी दल भाजपा लगातार ममता सरकार को घेरने का काम कर रहा है। इस बीच अब भाजपा कार्यकताओं ने मंगलवार (14 अक्तूबर) को राज्य में "बिगड़ती कानून-व्यवस्था" के बीच "आत्मरक्षा" के लिए महिलाओं के बीच लाल मिर्च पाउडर बांटा। भाजपा का अभियान, जिसे उन्होंने 'ऑपरेशन लाल मिर्च' नाम दिया, उसे कोलकाता के साल्ट लेक के एक मेट्रो स्टेशन के पास शुरू हुआ, जहां पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने महिला यात्रियों को लाल मिर्च पाउडर के पैकेट बांटे और उनको बताया कि ये आत्मरक्षा के लिए हैं।

# पूरण कुमार भ्रष्टाचारी था': रोहतक में एएसआई संदीप ने की आत्महत्या

## तीन पेज का सुसाइड नोट, एडीजीपी पर गंभीर आरोप



रोहतक
हरियाणा पुलिस की परेशानी कम नहीं हो रही हैं। एडीजीपी सुसाइड मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि मंगलवार दोपहर रोहतक पुलिस की साइबर सैल के एक एएसआई संदीप का खून से लथपथ शव लाढ़ोत-धामड़ रोड पर एक मकान में मिला है। आशंका है कि उसने कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या की है। हालांकि डीएसपी का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज होने व एफएसएल टीम की जांच के बाद ही पुख्ता तौर पर कुछ कहा जा सकेगा। जानकारी के अनुसार एएसआई संदीप एसपी कार्यालय स्थित साइबर सैल में तैनात थे। मंगलवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि संदीप का शव एक मकान में पड़ा है। मृतक ने सफेद रंग की शर्ट व नीले रंग की जींस पहन रखी थी। साथ ही चारपाई के पास उसका सर्विस रिवाल्वर पड़ा हुआ था। डीएसपी गुलाब सिंह मौके पर पहुंची और एफएसएल एक्सपर्ट डॉ. सरोज दहिया को जांच के लिए बुलाया। घटना के बाद पुलिस ने मौके से तीन पेज का सुसाइड नोट और एक वीडियो मैसेज बरामद किया है, जिसमें संदीप ने दिवंगत क्ढर अधिकारी वाई. पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं संदीप ने दावा किया कि पूरन कुमार भ्रष्ट अधिकारी थे, उनके खिलाफ कई सबूत मौजूद थे, और उन्होंने गिरफ्तारी के डर से आत्महत्या की।

# भाजपा ने पहली सूची में नौ महिलाओं की दी जगह

**पटना**
राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सीट बंटवारे के बाद जारी घमासान के बीच भारतीय जनता पार्टी ने 71 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। खास बात यह है कि 'अमर उजाला' ने जिन नामों की सूची सबसे पहले सामने लाया था, उनमें से लगभग 98 फीसदी नाम इस लिस्ट में हैं।भाजपा ने पहली सूची में 9 महिलाओं को टिकट दिया है। इनमें परिहार से गायत्री देवी, नरपतगंज से देवंती यादव, किशनगंज से स्वीटी सिंह, प्राणपुर से निशा सिंह, कोढ़ा से कविता देवी, औराई से रमा निषाद, वारसलीगंज से अरुणा देवी और जमुई से श्रेयसी सिंह शामिल हैं।



भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने इस बार कुम्हरार, पटना साहिब और दानापुर विधानसभा के प्रत्याशी को बदल दिया है। कुम्हरार से निवर्तमान विधायक अरुण सिन्हा की जगह संजय गुप्ता, पटना साहिब से नंद किशोर यादव की जगह रत्नेश कुशवाहा और दानापुर से पूर्व सांसद रामकृपाल यादव को टिकट दिया है।

**सम्राट और मंगल को भी मिला टिकट**

वहीं भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेता वह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, रेणु देवी, मंत्री मंगल पांडेय, प्रेम कुमार, कृष्ण कुमार ऋषि, नितिन नवीन और वरिष्ठ नेता रामनारायण मंडल को भी टिकट दिया है। सम्राट चौधरी और मंगल पांडे विधान परिषद सदस्य हैं इस बार भाजपा ने उन्हें चुनावी मैदान में उतारने का निर्देश दिया है। सम्राट चौधरी को तारापुर विधानसभा और मंगल पांडे को सीवान से टिकट दिया गया है। इधर, टिकट कटने के सवाल पर निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी के निर्णय के साथ हूं। पार्टी ने मुझे बहुत कुछ दिया है।

## टैटू में धार्मिक प्रतीकों पर सिक्किम सरकार सख्त!

**गंगटोक**
पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम में सरकार ने टैटू को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सिक्किम में हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभागियों के टैटू पर धार्मिक प्रतीकों के 'आपत्तिजनक' चित्रण को गंभीरता से लेते हुए राज्य के चर्च विभाग ने एक एडवाइजरी जारी कर लोगों को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने को लेकर आगाह किया है। सोमवार (13 अक्तूबर) को जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान कुछ टैटू ऐसे दिखाए गए थे, जिनमें देवताओं को अपमानजनक तरीके से चित्रित किया गया था, खासकर जब उन्हें कमर के नीचे रखा गया हो।

# थोक महंगाई दर सितंबर महीने में घटकर 0.13 फीसदी पर आई

**नई दिल्ली**
महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट आई है। खाने-पीने की चीजों के दाम घटने से सितंबर महीने में थोक महंगाई दर घटकर 0.13 फीसदी पर आ गई। इससे पहले अगस्त में यह 0.52 फीसदी रही थी। पिछले वर्ष सितंबर में यह 1.91 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सितंबर महीने में खाद्य और ईंधन की कीमतों में भारी गिरावट से थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर घटकर 0.13 फीसदी रह गई, जो अगस्त में 0.52 फीसदी थी। इससे पहले जुलाई और जून महीने में ये क्रमशः -0.58 फीसदी और -0.19 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की कीमतें सितंबर में 5.22 फीसदी कम हुई, जबकि अगस्त में यह 3.06 फीसदी था। सब्जियों की कीमत सितंबर महीने में 24.41 फीसदी घटीं है, जबकि अगस्त में यह 14.18 फीसदी कम हुई थीं। विनिर्मित उत्पादों के मामले में महंगाई अगस्त के 2.55 फीसदी के मुकाबले घटकर 2.33 फीसदी रह गई। मंत्रालय के मुताबिक सितंबर, 2025 में मुद्रास्फीति यानी महंगाई की सकारात्मक दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं, अन्य परिवहन उपकरणों और वस्त्रों आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण है। इसके अलावा ईंधन और बिजली की कीमतें सितंबर में 2.58 फीसदी कम हुईं, जबकि अगस्त महीने में इनमें 3.17 फीसदी की गिरावट आई थी।



# 14.82 लाख कर्मचारियों को योगी सरकार का दिवाली गिफ्ट

## यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है: योगी

**लखनऊ**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के शुभ अवसर पर राज्य कर्मचारियों को बड़ा उपहार देते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा ?7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को ?6,908 का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन-प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग ?1,022 करोड़ आएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें।

राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य बोनस के दायरे में वे पूर्णकालिक अराजपत्रित कार्मिक शामिल हैं जिनके पद का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47,600-1,51,100) तक है (साहश्य ग्रेड वेतन 4,800 तक)। पंचायतों के कर्मचारी, राजकीय विभागों के कार्यप्रभारित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सम्मिलित हैं।



# बिना एमसीएमसी की मंजूरी के कोई भी राजनीतिक विज्ञापन नहीं होगा प्रकाशित




## चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार के लिए जारी किए दिशानिर्देश

**नई दिल्ली**
बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य राज्यों में उपचुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया और डिजिटल प्रचार के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। अब सभी राजनीतिक विज्ञापनों के लिए मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणन, उम्मीदवारों को नामांकन के समय अपने सोशल मीडिया खातों की जानकारी और राजनीतिक दलों को चुनाव के 75 दिनों के भीतर डिजिटल प्रचार पर हुए खर्च का विवरण आयोग को देना अनिवार्य कर दिया गया है।

आयोग ने निर्देश दिया कि बिना एमसीएमसी की मंजूरी के कोई भी राजनीतिक विज्ञापन सोशल मीडिया या इंटरनेट पर प्रकाशित नहीं होगा। इसके लिए जिला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन किया गया है, जो सोशल मीडिया सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों की जांच करेगी और पेड न्यूज के संदिग्ध मामलों पर आवश्यक कार्रवाई करेगी। नामांकन के समय उम्मीदवारों से उनके सोशल मीडिया खातों की जानकारी ली जाएगी, आयोग उनके डिजिटल प्रचार की निगरानी कर सके। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77(1) और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत चुनाव प्रचार खर्च की जानकारी देना अनिवार्य किया गया है।

# टॉप नक्सली लीडर का 60 साथियों के साथ सरेंडर, एक करोड़ का इनामी था सोनू

**गढ़चिरौली**
नक्सवाद पर एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल की गई है। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में कुख्यात माओवादी नेता मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू ने अपने 60 साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है। सोनू पर एक करोड़ रुपए का इनाम घोषित था, जिसके बाद अब अबूझमाड़ में नक्सलियों की कमर पूरी तरह से टूट गई है।

**भाकपा-माओवादी को बड़ा झटका**

भाकपा-माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य मल्लौजुला वेणुगोपाल राव उर्फ सोनू ने मंगलवार (14 अक्तूबर) को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में 60 माओवादी कार्यकर्ताओं के साथ हथियार डाल दिए। यह भाकपा-माओवादी के लिए एक बड़ा झटका है और यह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और देश भर की राज्य सरकारों के नेतृत्व में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निरंतर अभियानों का परिणाम है। एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने सोमवार देर रात (13 अक्तूबर) पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का एक सदस्य और एक संभागीय समिति के 10 सदस्य शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार वेणुगोपाल उर्फ भूपति उर्फ सोनू को माओवादी संगठन के सबसे प्रभावशाली रणनीतिकारों में से एक माना जाता था और वह लंबे समय से महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर प्लाटून अभियानों की निगरानी करता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि हाल के महीनों में उसके और शीर्ष नक्सल नेतृत्व के बीच बढ़ते मतभेदों के कारण आंतरिक संघर्ष हुआ। माना जाता है कि अपने बड़े भाई शीर्ष माओवादी नेता किशनजी की मौत के बाद वेणुगोपाल ने पश्चिम बंगाल में खासकर लालगढ़ आंदोलन के दौरान ऑपरेशन ग्रीन हंट के खिलाफ सीपीआई (माओवादी) के सशस्त्र प्रतिरोध की कमान संभाली थी। वर्षों से उन्हें माओवादी पदानुक्रम में एक प्रमुख रणनीतिकार और विचारक माना जाता रहा, जो ज्यादातर मध्य भारत के घने जंगलों में जिनमें छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और ओडिशा के कुछ हिस्से शामिल हैं, वहां सक्रिय रहे। सितंबर में सोनू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर हथियार डालने की जानकारी दी थी। उन्हें छत्तीसगढ़ और देश के अन्य हिस्सों में माओवादी कार्यकर्ताओं के एक बड़े हिस्से का समर्थन हासिल था। सोनू को भाकपा (माओवादी) के उत्तर उप-क्षेत्रीय और पश्चिम उप-क्षेत्रीय ब्यूरो से समर्थन मिला, जिन्होंने अब मुख्यधारा में लौटने के लिए अपनी रुचि दिखाई।



# विशाखापत्तनम में एआई केंद्र स्थापित करने के लिए 15 अरब डॉलर का निवेश करेगा गूगल

**नई दिल्ली**
अमेरिकी टेक कंपनी गूगल ने विशाखापत्तनम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) हब बनाने का ऐलान किया है। कंपनी अगले पांच वर्ष में केंद्र स्थापित करने के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। यह अमेरिका के बाहर कंपनी की सबसे बड़ी परियोजना और एआई हब होगा। गूगल क्लाउड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) थॉमस कुरियन ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मंगलवार को भारत एआई शक्ति कार्यक्रम में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि गूगल का ये नया एआई केंद्र एआई बुनियादी ढांचे, नई डेटा सेंटर क्षमता, बड़े ऊर्जा स्रोतों एवं विस्तारित ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क को एकीकृत करेगा। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और आंध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री चंद्र बाबू नायडू भी मौजूद रहे। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि गूगल का नया गीगावाट स्तरीय एआई हब भारत एआई मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने में काफी मददगार साबित होगा। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा कि इस परियोजना का शुभारंभ प्रगतिशील नीति-निर्माण और शासन संबंधी निर्णय लेने की गतिशीलता के बीच सामंजस्य को दशार्ता है।




# सोनम की हिरासत के मामले में टाली सुनवाई

**नई दिल्ली**
लद्दाख में पिछले महीने हुई हिंसा के मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत जेल में बंद सोनम वांगचुक की रिहाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट अब 15 अक्तूबर को सुनवाई करेगा। गौरतलब है कि सोनम की हिरासत को अवैध बताते हुए उनकी पत्नी गीतांजलि अंगमो ने याचिका दायर की थी। कोर्ट ने पहले इस मामले की सुनवाई के लिए 14 अक्तूबर की तारीख निर्धारित की थी। हालांकि, आज कोर्ट ने समय की कमी की बात कहते हुए मामले की सुनवाई अगले दिन यानी बुधवार तक के लिए टाल दी। सांसद ने अपनी याचिका में दमन स्थित केंद्र शासित प्रदेश सचिवालय भवन के नवीनीकरण, विध्वंस और जीर्णोद्धार में लगभग 33 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की थी।



# ह्लजैसलमेर-जोधपुर बस में भीषण आग: 57 सवार, 10-15 की मौत की आशंका; राहत-राहत का काम जारी

जैसलमेर – आज दोपहर करीब 3:30 बजे जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक निजी स्लीपर बस में अचानक आग लग गई, जो हाईवे पर थईयात/वार म्यूज़ियम के पास भड़क उठी। बस में कुल मिलाकर लगभग 57 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। आग लगने के तुरंत बाद वाहन धूं-धूं कर जल उठा और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई – कई लोग खिड़कियों और दरवाजों से कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश में जुटे।



दमकल और पुलिस फोर्स तुरन्त मौके पर पहुँची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया; प्राथमिक बचाव-कार्रवाइयों में स्थानीय लोग भी जुटे। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है – जिनमें गंभीर मामलों को जोधपुर रेफर करने की भी खबरें आयी हैं। प्राथमिक खबरों के मुताबिक घायलों को जवाहर (Jawahir) अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अभी तक विभिन्न मीडिया रिपोर्टों में मृतकों की संख्या पर भिन्न-भिन्न आँकड़े सामने आ रहे हैं। कुछ समाचार एजेंसियों ने 12 मौतों की सूचना दी है, जबकि अन्य रिपोर्ट्स में 10झ15 तक या भी अधिक लोगों की मौत की आशंका जतायी जा रही है; कुछ रिपोर्टें 15 के आसपास झुलसे यात्रियों की भी बात कर रही हैं। यह स्पष्ट रूप से बताना आवश्यक है कि इन आंकड़ों में आधिकारिक पुष्टि अभी शेष है और जिला प्रशासन/पुलिस-अधिकारियों की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

प्राथमिक स्थानीय सूचना व फायर ऑफिसर की बयानों के अनुसार आग शॉर्ट-सर्किट (इंजन/वायरिंग) की वजह से शुरू हुई हो सकती है; किन्तु यह कारण भी प्रारम्भिक विवेचना है और हादसे की वास्तविक वजह स्पष्ट करने हेतु औपचारिक जांच जारी है। पुलिस और अग्निशमन विभाग दुर्घटना-काळीन तकनीकी जाँच व साक्ष्य संकलन कर रहे हैं।

राज्य सरकार ने घटना को गंभीरता से लिया है – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर गहरी संवेदना व्यक्त की है, जिला कलेक्टर व पुलिस महानिदेशक से संपर्क कर घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं और राज्य प्रशासन राहत-कार्य का सम्पूर्ण जायजा ले रहा है। वर्तमान में राहत-रक्षक, पुलिस, फायर ब्रिगेड और स्थानीय अस्पताल घटना-स्थल पर तैनात हैं। अधिकारी परिजनों को सूचित करने, घायलों का इलाज तथा मृतकों की पहचान और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया तेज करने में लगे हैं। आगे की आधिकारिक जानकारियाँ – मृतक-संख्या, घायल-विवरण, और दुर्घटना के अंतिम कारण – जिला प्रशासन की औपचारिक रिपोर्ट आने पर ही पुष्ट होंगी।

## शिकायत पर झूलेलाल मन्दिर के पीछे,पावर हाऊस के सामने चार मंजिला मकान को किया सीज

**देश का दर्पण न्यूज**



**जयपुर शहर के परकोटे** में किये गये अवैध निर्माण जिनको उपायुक्त, हवामहल आमेर जोन द्वारा नोटिस जारी किये गये, किन्तु कार्यवाही नहीं की व अवैध निर्माण को पूर्ण होने दिया जा रहा है को लेकर देश का दर्पण न्यूज की शिकायत पर
मकान नम्बर 193, कँवर नगर, झूलेलाल मन्दिर के पीछे, पावर हाऊस के सामने नगर निगम हैरिटेज हवामहल आमेर जोन में

दिनांक 9/10/2025 भवन स्वामी / प्रतिनिधि मकान नं० 193, कंवर नगर कॉलोनी, झूलेलाल मन्दिर के सामने वार्ड नं० 09, चौकडी सरहद, जयपुर में मकान दक्षिण दिशा देखते हये में पुराने भवन को तोडकर उसी स्थान पर नये सिरे से मंजिल जी +3 फ्लोर का अनाधिकृत निर्माण कार्य किया गया है। जिसके सम्बन्ध में जोन कार्यालय द्वारा नोटिस कमांक 209 दिनांक 21.08.2025 एवं अन्तिम नोटिस कमांक 266 देनांक 31012 को जारी किया गया था। परन्तु नोटिस का कोई जवाब व सक्षम स्वीकृति प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस की अवहेलना करते हुये बिना स्वीकृति के अनाधिकृत निर्माण कार्य को निरन्तर चालू रखने पर उक्त भवन को राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 (7) एफ के तहत उक्त भवन को 180 दिवस के लिए सीज किया। सीज को खुर्द बुर्द किया गया तो अपराधिक मामला दर्ज करवाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मे हुए सम्मिलित डीएम एसपी एवं अन्य...

**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**



**सीवन जिले में मुख्य** निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के द्वारा बिहार विधान सभा निर्वाचन- 2025 के निमित्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, सिवान श्री मनोज कुमार तिवारी के साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान सम्मिलित हुए।

## दीपावली के त्यौहार को देखते हुए ढीले व लूज तारों की मरम्मत किया जाना करें सुनिश्चित- श्रीनिधि बी टी

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया )।**



**बिजली, पानी,** मौसमी बीमारियों को लेकर जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी अपने कार्यो का निर्धारित समय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कलक्टर ने राज्य सरकार की प्राथमिकता प्राप्त फ्लैगशिप योजनाओं लाडो प्रोत्साहन योजना, नमो ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एवं ग्रामीण), आयुष्मान भारत, मिशन हरियालो राजस्थान, पंच गौरव योजना, स्वच्छ भारत मिशन सहित 25 से अधिक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की ये योजनाएँ जनता के जीवन स्तर को सुदृढ़ बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं। योजनाओं के लाभ वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचें, उन्होंने अधिकारी मैदानी स्तर पर सतत निगरानी करते हुए इन योजनाओं को शीर्ष प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिए। योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला कलक्टर ने दीपावली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त नगर परिषद एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि शहर की सभी स्ट्रीट लाइटों को कार्यशील एवं चालू किया जाएं। साथ ही प्रमुख चौक, चौराहा, राजकीय कार्यालयों एवं मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर रंगीन रोशनी एवं सजावट की व्यवस्था करवाया जाना सुनिश्चित करें। सड़कों के किनारे विद्युत तारों की जांच कर टूटे या लूज तारों की तत्काल मरम्मत कराया जाएं। साथ ही ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत उपकरणों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग या जाली लगवाया जाना सुनिश्चित करें। दीपावली से पूर्व सड़कों, पार्को, चौकों एवं सार्वजनिक स्लिों पर रंगोली एवं सौंदर्यकरण कार्य कराया जाएं। शहर की मुख्य सड़कों, गलियों, नालियों एवं अन्य सार्वजनिक स्िनों की विशेष सफाई के लिए अतिरिक्त संसाधन लगाकर नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाएं। उन्होंने अधिकारियों को राजस्थान संपर्क पोर्टल, 181, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के नियमित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक में पंच गौरव कार्यक्रम संबंधित स्वीकृति बजट राशि व्यय की विस्तृत कार्ययोजना के प्रस्तावों पर पंच गौरव कार्यक्रम से जुड़े खेल, उद्योग, उद्यान, वन एवं पर्यटन विभागों के संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। जिला कलेक्टर ने पंच गौरव समिति सदस्य सचिव एवं उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को निर्देशित किया कि पंच गौरव के तहत प्राप्त बजट के संबंध में राज्य सरकार के निदेर्शानुसार कार्ययोजना तैयार कर वरिष्ठ लेखाधिकारियों के अनुमोदन उपरान्त नियमानुसार व्यय किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जिला खेल अधिकारी को हॉकी खेल सामग्री की व्यवस्था करने के बजट प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

## उपजिला अस्पताल में सीपीआर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**मेड़ता सिटी(लक्ष्मीनारायण वैष्णव) /उपजिला** अस्पताल मेड़ता में सीपीआर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन हुओ

इह दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रामेश्वर लाल बेनीवाल ने बताया कि दिनांक 13 से 17 अक्टूबर तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार संपूर्ण देश में सीपीआर अवेयरनेस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य आम जनता को सीपीआर( कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जो कि कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में एक जीवन रक्षक प्रक्रिया होती है, के बारे में जागरूक करना एवं प्रशिक्षित करना है।



इसी कार्यक्रम के तहत उपजिला अस्पताल मेड़ता सिटी में आम जनता एवं स्टाफ के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसमें अस्पताल के ही निश्चेतना एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ सुखदेव राव ने प्रशिक्षण दिया एवं सीपीआर की सही तकनीक से अवगत कराया। डॉ राव ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में मरीज अचानक बेहोश हो जाता है एवं हृदय गति रुक जाती है, इस स्थिति में शुरूआती 3 से 5 मिनट अतिमहत्वपूर्ण होते है जिसके दौरान मरीज के पास स्थित किसी भी व्यक्ति द्वारा सही सही सीपीआर (छाती सम्पीडन) दिया जाए तो मरीज का हृदय स्पंदन पुनः चालू हो सकता है एवं मरीज के दिमाग को रक्त का संचार भी बना रहता है, इस प्रकार आम आदमी भी मरीज की जान बचा सकता है। आम जनता एवं विद्यार्थियों को सीपीआर का प्रशिक्षण लेना चाहिए ताकि कार्डिक अरेस्ट की स्थिति में वह अपनों की जान बचा सके। डॉ सुखदेव राव इंडियन रिससिटेशन काउंसिल फेडरेशन के सीपीआर के प्रशिक्षक है एवं कॉम्प्रिहेंसिव रिससिटेशन ट्रेनिंग सेंटर डॉ संपूणार्नंद मेडिकल कॉलेज जोधपुर के सदस्य है।

प्रशिक्षण सत्र में अस्पताल से डॉ ललित चौधरी, डॉ कमलेश गोरा, डॉ चंद्र शेखर गोदारा, मैट्रन श्री मोइनुद्दीन, सुनील विश्नोई, महिपाल जारोड़ा, ठाकुर भाटी, दिनेश दवे, शांति लाल व्यास, मीरा तैराकी संघ अध्यक्ष श्री राजकुमार दहिया सहित कई आम नागरिकों एवं स्टाफ ने भाग लिया।

## पेश की मिसाल :बस में मिला पर्स लौटाया दिया ईमानदारी का परिचय



**मेड़ता सिटी(लक्ष्मीनारायण वैष्णव)/शिव बस चालक सेसाराम कोसाना एव परिचालक बबलू** बेनीवाल ओर समाज सेवी श्रवण पुरी ने बस में मिले पर्स को यात्री को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। इस कार्य की विभाग के अधिकारियों ने भी सराहना की। श्रवण पुरी ने बताया कि जोधपुर मेड़ता बस की रूट पर चलने वाली बस मे जोधपुर से यात्री मेड़ता के लिए आया इस दौरान बस मे पर्स गिर गया` बस में एक यात्री का पर्स मिला। यात्री
यशपाल , पुत्र बुधाराम माली ने बताया कि मै जोधपुर से मेड़ता आ रहा था इस दौरान मेरा पर्स गिर गया जिसमे 9300 नगद ओर कागज थे` जो बस चालक एव परिचालक ओर श्रवण पुरी ने मुझे पर्स लौटाया इन सभी का धन्यवाद करता हु`

## (दबंग की दबंगई) फूल की परेड बाजार में पैदल जुलूस निकाला



**देश का दर्पण..दैनिक अखबार पत्रकार..राकेश कोठेनिया**

**भरतपुर...पूर्व कैबिनेट** मंत्री विश्वेंद्र सिंह और सांसद संजना जाटव के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और जातिसूचक टिप्पणी करने वाले आरोपी को नदबई पुलिस ने गिरफ्तार कर सख्त संदेश दिया है। पुलिस ने सोमवार को जयपुर के सांगानेर थाना क्षेत्र के 33 वर्षीय आरोपी फूलसिंह को गिरफ्तार किया। मंगलवार को आरोपी को लेकर मुख्य बाजार में पैदल जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह ने साफ किया कि सोशल मीडिया पर जातिसूचक और भड़काऊ टिप्पणी करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## कलेक्टर ने डीग अस्पताल का अचानक निरीक्षण किया. (मरीज को परेशानी नहीं होनी चाहिए,)

**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार. राकेश कोठेनिया हलेना**

**भरतपुर..जिला कलेक्टर** उत्सव कौशल ने मंगलवार को डीग अस्पताल का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के दवाई काउंटर, महिला एवं जनरल वार्ड, ओपीडी, सीवी नट, लेबोरेटरी और एक्स-रे रूम सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में लगे निजी विज्ञापनों को देखकर कलेक्टर नाराज हुए और तुरंत उन्हें हटवाने के निर्देश दिए। इसके बाद सभी विज्ञापन हटा दिए गए। कलेक्टर



ने दवाइयों के स्टोर का भी निरीक्षण किया और एक्सपायरी दवाइयों व दवाइयों के ऑनलाइन वेरिफिकेशन की स्थिति की जांच की। जनरल वार्ड में बेड की खराब स्थिति को देखते हुए उन्होंने बेड बदलने के आदेश दिए। सोनोग्राफी सेवा में देरी और मरीजों के शिकायत करने पर कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने अस्पताल के नेत्र चिकित्सक से अपनी आंखों की जांच भी करवाई। निरीक्षण में सीएमएचओ डॉ. विजय सिंघल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेंद्र पाल सिंह और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने साफ कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## प्रभारी सचिव नीति आयोग ने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण, तीन बच्चों को खीर खिलाकर किया अन्नप्राशन

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया )।**

**केंद्रीय प्रभारी सचिव नीति** आयोग प्रीतम बी यशवंत ने भ्रमण के दौरान उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय पचगांव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शौचालय का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईसीटी लैब के बारे में जानकारी ली। विद्यालय में उपस्थित कक्षा 1 के छात्र धनिष्ठ ने संविधान की प्रस्तावना को सुनाया। जिस पर प्रभारी सचिव ने छात्र की



सराहना की। उन्होंने कक्षा कक्षो में नीति आयोग द्वारा वित्त पोषित फर्नीचर का अवलोकन किया।

तीन बच्चों को खीर खिलाकर कराया प्रथम बार अन्नप्राशनः-

अगले क्रम में केंद्रीय प्रभारी सचिव नरपुरा आंगनबाड़ी केन्द्र एवं ओदी का पुरा नन्दघर पर पहुंचे।

उन्होंने एक बालक एवं दो बालिका शिशु को प्रथम बार अन्नग्रहण कराने हेतु खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया। इस दौरान उन्होंने यहां मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु विशेष प्रयास किये गए हैं।

इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता रैली का भव्य आयोजन लगातार किया जा रहा है




**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**

**सिवान,14 अक्टूबर 2025** मंगलवार को आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचनझ2025 के मद्देनजर आज .एन सी सी, आंगनवाड़ी सेविका, जीविका दीदियों एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के विभिन्न स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नवोदय विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के अवसर पर एन सी सी के केडेट्स के द्वारा मतदाताओं को मतदान हेतु उत्प्रेरित करने हेतु विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को मतदान के महत्व से अवगत कराना एवं शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराना रहा।

सुबह से ही विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंग-बिरंगे बैनर, पोस्टर एवं नारों के साथ रैली निकाला गया। रैली के दौरान ह्लमतदान हमारा अधिकार हैह्व, ह्लपहले मतदान, फिर जलपानह्व, ह्लएक भी वोट न छूटेह्व जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा ।

आंगनवाड़ी सेविकाओं, जीविका दीदियों और स्वास्थ्य विभाग की आशा एवं एएनएम कर्मियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को मतदान की प्रक्रिया, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं मतदान दिवस पर उपस्थित रहने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान जीविका दीदियों द्वारा आकर्षक रंगोली, नुक्कड़ नाटक एवं गीतों के माध्यम से भी जागरूकता संदेश प्रसारित किया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों में उत्साह का संचार हुआ।

इस अवसर पर रशएएढ नोडल पदाधिकारी, सिवान ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ लगातार जारी हैं। उनका कहना था कि ह्लहर मतदाता का एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाता है, इसलिए सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं, स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे स्वयं मतदान करेंगे और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

## कुख्यात गैंगस्टर अमित शर्मा उर्फ जैक पंडित अमेरिका में गिरफ्तार, भारत लाने की कार्रवाई शुरू

**जयपुरः राजस्थान पुलिस** की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लॉरेंस बिश्नोई और रोहित गोदारा गैंग के कुख्यात गैंगस्टर अमित शर्मा उर्फ जैक पंडित को अमेरिका में गिरफ्तार करवाया है। सीबीआई की इंटरपोल ब्रांच के माध्यम से अमेरिकी एजेंसियों को दी गई सूचना के आधार पर अमित शर्मा को हिरासत में लिया गया है। अब उसे भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



### विदेश में संचालित कर रहा था आपराधिक गतिविधियाँ

अमित शर्मा उर्फ जैक पंडित, श्रीगंगानगर के मटीली राठान का रहने वाला है, जो पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग और वर्तमान में रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के लिए काम कर रहा था। वह विदेशों में बैठकर गैंग के लिए वित्तीय व्यवस्था संभालता था, जिसमें फिरौती की रकम हवाला और अन्य माध्यमों से प्राप्त करना, गैंग के सदस्यों तक पहुंचाना, हथियार खरीदना और ड्रग्स कारोबार शामिल था।

इसके अलावा, वह भारत से भागकर विदेशों में छिपे गैंगस्टरों को शरण, धन और फर्जी दस्तावेज उपलब्ध करवाने का काम करता था। रोहित गोदारा के भारत से भागने के बाद अमित ने ही उसकी विदेश में व्यवस्था की थी।

### एजीटीएफ की सक्रियता और कार्रवाई

एजीटीएफ के प्रमुख श्री दिनेश एम.एन., अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, अपराध शाखा, के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई। श्री योगेश यादव, तत्कालीन उप महानिरीक्षक पुलिस, और वर्तमान में श्री दीपक भार्गव, उप महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी (सीबी), के सुपरविजन में एजीटीएफ ने अमित के ठिकानों और नेटवर्क की जानकारी जुटाई। श्रीगंगानगर की पुलिस अधीक्षक श्रीमती अमृता दुहान ने भी अमित की गतिविधियों पर नजर रखते हुए महत्वपूर्ण सूचनाएं एकत्रित कीं।

सूत्रों के अनुसार, अमित दुबई, स्पेन और अन्य देशों के रास्ते अमेरिका पहुंचा था। रेड कॉर्नर नोटिस जारी होने के बाद अमेरिकी एजेंसियों ने उसे हिरासत में लिया। वह कई उपनामों जैसे जैक, सुल्तान, डॉक्टर, पंडित जी और अर्पित के नाम से जाना जाता था, ताकि उसकी पहचान छिपी रहे।

### आपराधिक रिकॉर्ड

अमित शर्मा के खिलाफ श्रीगंगानगर, पंजाब और हरियाणा में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रमुख मामलों में शामिल हैं

**29 अप्रैल 2022:** श्रीगंगानगर में अमोद कुमार भगत के घर पर फिरौती के लिए फायरिंग, जिसमें अमित ने वाहन और हथियार उपलब्ध करवाए।

# जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने किया जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम का उद्घाटन



**सीवन संवाददाता मसरूर अहमद**
**सिवानः मंगलवार को** बिहार सरकार खेल विभाग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन सिवान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने किया उद्घाटन ।
मौके पर जिला बंदोबस्त पदाधिकारी सुजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार, कला संस्कृति पदाधिकारी रिचा वर्मा, जिला योजना पदाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई राजकुमार सिंह, आईसीडीएस तारिणी कुमारी, प्राचार्य नवोदय विद्यालय मौजूद रहे।
चार दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद के कार्यक्रम में 17 का प्रकार के खेलों का आयोजन होना है । एथलेटिक्स, कबड्डी ,खो,खो , का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय सिवान में होना है। वॉलीबॉल, कुश्ती, शतरंज, योग भारतोलन खेल विज्ञानानंद केंद्रीय विद्यालय चनउर में होगा। क्रिकेट , बुशू, कराटे ताइक्वांडो डॉन बॉस्को हाई स्कूल सिवान में होना है । रग्बी ,फुटबॉल , हैंडबॉल रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स क्लब मैरवा में होगा । खेल के सफल संचालन हेतु अलग-अलग खेलों के लिए अलग-अलग संयोजक बनाये गये है एथलेटिक्स के संयोजक संतोष कुमार सिंह है। वही कबड्डी के संयोजक मनोरंजन कुमार सिंह को बनाया गया है। खो-खो के संयोजक अनिरुद्ध कुमार हैं। वॉलीबॉल के संयोजक विजय प्रताप सिंह को बनाया गया है।। आगत अतिथियों को जिला खेल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार यादव ने खेल का प्रतीक चिन्हित हरित पौधा और बुके देकर सम्मानित किया। संचालन मनोरंजन कुमार सिंहने किया।
जिला पदाधिकारी ने खिलाड़ियों को हौसला अफजाई करते हुए शुभकामना व्यक्त किये। राजबंशी देवी उच्च विद्यालय सिवान के छात्राओं के द्वारा तेज नारायण शाह संगीत शिक्षक के नेतृत्व में आकर्षक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर सिवान के छात्राओं के द्वारा योग थीम का प्रस्तुतीकरण किया गया।
महेंद्र उच्च विद्यालय जिरादेई के के छात्र एवं छात्राओं ने बैंड के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। डी ए भी उच्च सिवान के एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा स्वागत किया गया। स्वीप एक्टिविटी में प्रीटिन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत नाटक प्रस्तुत किया गया जिसे जिला पदाधिकारी ने सराहना की।
जिलाधिकारी के द्वारा 800 मी का दौड़ से खेल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला खेल कार्यालय द्वारा खेल के सफल संचालन के लिए ऑफिशियल के रूप में सुनील राय, अजय कुमार, बृजेश कुमार, राम ख्याल सिंह, अरविंद शंकर, ऋषि सिंह, वाल्मीकि ओझा, शिवेंद्र कुमार, रवि गुप्ता, अंजनी कुमार, महबूब आलम, रामसागर सिंह, धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।
400 मीटर बालक वर्ग अंडर 14के दौड़ में प्रथम स्थान रंजीत कुमार पाल नेप्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान सैद सिद्दी ने प्राप्त किया तृतीय स्थान पवन कुमार यादव ने प्राप्त किया।
अंडर 17 ,400 मीटर बालक वर्ग में प्रथम स्थान संदीप यादव, द्वितीय स्थान आदित्य कुमार, तृतीय स्थान विनीत कुमार सिंह ने प्राप्त किया।
अंडर-19 विनय कुमार यादव ने प्रथम, रोनित राजवंश द्वितीय, नीरज कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।
800 मीटर दौड़ में विशाल कुमार ने प्रथम, नीतीश कुमार ने द्वितीय, विनय कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## मथुरा वृंदावन नगर निगम में महाभारत काल का चल रहा दौर



**मथुरा। मथुरा वृंदावन** क्षेत्र में पहले अलग अलग नगर पालिका हुआ करती थीं पर विकास की दृष्टि से मथुरा और वृंदावन नगर निगम को मर्ज कर नगर निगम के रूप में भाजपा सरकार ने तब्दील कर दिया जिससे मथुरा वृंदावन का विकास तेज गति के साथ किया जा सके, जनता की नजरों से देख जाय तो जिस उम्मीद को जनता लगाए बैठी थी जमकर विकास कार्य होगे, पर विकास के सपने जनता के लिए सपनों के समान ही दूर रहे हैं,2017 के बाद मथुरा में विपक्ष हर मुद्दे पर मौनी बाबा की भूमिका में मौन रहा जिसका परिणाम सत्ताधारी दल के पार्षद मदमस्त होकर जनता के अरमानों पर पानी फेरने लगे।
2024 लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद नींद में सोए विपक्षी पार्टी के खास कर मथुरा में कांग्रेस कुछ जोश में दिखाई दी, जिसका असर अब देखने को मिल रहा है, कांग्रेस की नगर निगम मथुरा में संख्या नगण्य है पर वह अपनी धमक का एहसास समय समय पर कर सत्ताधारी दल के जनता को किए वादों की याद दिला रही है इस बात पर सत्ताधारी दल के पार्षदों की बौखलाहट महाभारत काल खंड में कौरव दल के लोगों से मिलती जुलती दिखाई दे रही है और नगर निगम महापौर धृतराष्ट्र की भूमिका को भली भांति निभा कर अपना दायित्व निभा रहे हैं।
बीते दिनों मथुरा वृंदावन नगर निगम की बोर्ड बैठक में इस बात का दृश्य देखने को भी मिला जिस प्रकार विपक्षी पार्षदों द्वारा नगर निगम के धीमी विकास गति और लचर साफसफाई व्यवस्था पर सवाल दागे सत्ताधारी दल के पार्षदों की बौखलाहट बढ़ती चली गई सवालों के तीर दाग रहे पार्षद संजय अग्रवाल पर चटनी फेंक दी गई मामला तू तड़ाक से सीधा हाथापाई तक पहुंच गया जिससे जनता ने स्पष्ट तौर पर देख लिया सत्ताधारी दल वर्तमान समय में नगर निगम मथुरा में महाभारत काल को दोहराने पर आतुर है।

## भाकियू चढ़ूनी का धरना-प्रदर्शन तहसीलदार के आश्वासन के बाद समाप्त



**बलदेव (मथुरा) । किसानों** को खाद नहीं मिलने से किसानों में जगह जगह आक्रोश दिखाई दे रहा है।। जनपद में खाद की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी ने सहकारी बैंक, बलदेव पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रतन सिंह पहलवान के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रखा। धरना में पहुंचे उपनिबंधक सहकारी समिति (एआर) विवेक कौशल को किसानों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।प्रशासन पर किसानों की अनदेखी के गंभीर आरोप लगाए। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। किसानों की बात को सुनने पहुंचे उपनिबंधक सहकारी समिति (एआर) को खूब खरी-खोटी सुनने को मिली। उपनिबंधक कॉपरेटिव के आश्वाशन के बाद भी किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे, उसके बाद नायब तहसीलदार मीनू राजपूत एवं एआर कॉपरेटिव के ठोस आश्वासन पर ज्ञापन सौंपकर धरना प्रदर्शन स्थगित किया।
आगरा मंडल अध्यक्ष/ प्रदेश प्रवक्ता रामवीर सिंह तोमर चेतावनी देते हुए कहा समस्याओं समाधान नहीं हुआ तो जनपद की सभी तहसीलों पर आंदोलन होगा। किसानों की परेशानी को देखते हुए तत्काल खाद वितरण प्राथमिकता से किया जायें। किसानों को लाइन में न लगना पड़े इसकी ठोस व्यवस्था की जाए। जिन गांवों में जलभराव की समस्या है उसका निस्तारण तत्काल कराया जाए। महावन तहसील में खराब हुई फसलों का तत्काल सर्वे कराकर किसानों को उचित सम्मानजनक मुआवजा दिया जाए। जिससे किसानों को राहत मिले । जिला अध्यक्ष संजय पाराशर ने कहा प्रशासन की लापरवाही से यह समस्या उत्पन्न हुई हैं। बलदेव क्षेत्र में विभिन्न समितियों में खाद वितरण में धांधली हुई है। इसकी जांच होनी चाहिए, । हर सहकारी समिति में दो गाडी अतिरिक्त खाद भेजा जायें, किसानों को टोकन सुविधा के आधार पर खाद वितरण किया जायें, जिससे सभी किसानों को खाद मिल सकें।

## जहाँ घर है, वहीं से शुरू होती हैं खुशियों की रौनक!

**नोएडा : भारत में** त्योहार केवल रीति-रिवाज निभाने का समय नहीं होते, बल्कि रिश्तों के फिर से करीब आने का अवसर होते हैं। यह वह मौसम है जब परिवार एक साथ बैठते हैं, पुराने दोस्त अचानक मिलने चले आते हैं और पड़ोसी चाय के एक प्याले पर घंटों हँसी-मजाक में डूब जाते हैं। ऐसे में घर को भी उसी आत्मीयता, उत्साह और रंगीनता से भरा होना चाहिए, वह स्वागत करने वाला, जीवंत और व्यक्तित्व से भरपूर होना चाहिए।
अगर आप अपने घर को त्योहारी रंग-रूप देना चाहते हैं, तो इसका सर्वोत्तम उपाय संसार है । डीह्वडेकोर समूह के अंतर्गत आने वाला यह गृह-सज्जा ब्रांड आपके घर को सादगी, गरिमा और गर्मजोशी से निखारने का सहज तरीका प्रदान करता है। इसके सुंदर कपड़े और सजावटी उत्पाद आपके घर में आकर्षण बढ़ाते हैं, बिना जगह को बोझिल बनाए।
घर का बैठक कक्ष (लिविंग रूम) हर घर का दिल होता है। यहीं सबसे प्यारी यादें बनती हैं। संसार के विस्तृत गृह-सज्जा वस्त्र संग्रह की मदद से आप इस जगह को स्वागतयोग्य और जीवंत रूप दे सकते हैं। साटिना कलेक्शन के गहरे, चमकदार रंगों को चुनें और उन्हें या तो एडिशन वन के उष्म, आमंत्रित करने वाले रंगसंगति के साथ या लक्स बुकल्स के कोमल, टेक्सचरयुक्त न्यूट्रल शेड्स के साथ संयोजित करें। इस तरह आपका घर त्योहारों की खुशबू और जोश से भर जाएगा।
त्योहार अपने आप को थोड़ा संवारने और सुकून देने का भी समय होते हैं। ह्यसंसारह्व की १०० प्रतिशत जैविक (ऑर्गेनिक) सूती बिस्तर-सज्जा श्रृंखला आपके शयनकक्ष में शांति और नजाकत दोनों लाती है। चाहे आप मोमेंट्स कलेक्शन की शांतीदायक रंगसंगती चुनें या एंचांटेड कलेक्शन के जीवंत रंगों और कोमल कढ़ाई; इस संग्रह के बिछावन, रजाई, रजाई-कवर और तकिए के खोल आपके कमरे को उत्सव जैसी गरिमा से भर देंगे।
त्योहार बच्चों की बचपन की सबसे रंगीन यादें भी बनाते हैं। ह्यसंसारह्व का ह्यफेबलस्ह्व संग्रह आपके बच्चे के कमरे में वही जीवंतता और उमंग भर देगा। इसमें जलरंग जैसे पोल्का डॉट्स, उड़ते हुए गुब्बारे, हाथ से बनाए अक्षर और कोमल फूलों के चित्रों वाले कपड़े हैं। ये न केवल सुंदर हैं बल्कि पूरी तरह विषरहित और सुरक्षित भी हैं, ताकि आपके बच्चे की सेहत और मुस्कान दोनों सुरक्षित रहें।
जो लोग त्योहारी मौसम में भी कुछ काम जारी रखते हैं, उनके लिए ह्यसंसारह्व ने कार्य कोने (वर्कस्पेस) और अध्ययन कक्ष को सजाने के लिए भी विशेष विकल्प तैयार किए हैं। उदाहरण के लिए, इंटेग्रा संग्रह का पुनर्नवीनीकृत (रीसायकल्ड) चमड़े जैसा रूप आपके कार्यस्थल को गरिमा और आकर्षण देता है, साथ ही उत्सव की गर्माहट भी बनाए रखता है। कुछ छोटे परिवर्तन कर आप अपने घर से काम करने वाले कोने को भी प्रोफेशनल और आनंददायक बना सकते हैं।
असल में, त्योहारों की सजावट का अर्थ दिखावे में नहीं, बल्कि संवेदनशील और सोच-समझकर किए गए चुनावों में है।

## जयपुर के कलवार रोड पर दर्दनाक हादसा: बस ने स्कूटी को मारी टक्कर, महिला की सिर के ऊपर से गुजरते ही मौके पर मौत; पुलिस पर बेरहमी का आरोप



जयपुरः राजधानी के कलवार रोड पर मंगलवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार एक महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ी। बस चालक ने ब्रेक लगाने के बजाय गाड़ी आगे बढ़ा दी और महिला के सिर के ऊपर से बस गुजर गई। मौके पर ही महिला की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मृतका के परिजन और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया, जिसके चलते रोड जाम का प्रयास किया गया। पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को हटाया, लेकिन इस दौरान मृतका के बेटे और कुछ महिलाओं के साथ कथित तौर पर बेरहमी से मारपीट की गई।
हादसे का शिकार हुई महिला अपने दो बच्चों के साथ स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कलवार रोड पर भारी ट्रैफिक के बीच बस अचानक साइड से स्कूटी से टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला स्कूटी से उछलकर सड़क पर जा गिरी। बस चालक ने गाड़ी रोकने के बजाय उसे आगे बढ़ा दिया, जिससे महिला के सिर के ऊपर से पूरा वाहन गुजर गया। बच्चे बाल-बाल बच गए, लेकिन घटना देखकर दहशत में आ गए। मृतका की पहचान ज्योति देवी (उम्र 35 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पास के इलाके में रहने वाली एक गृहिणी थी।
मौत की खबर मिलते ही मृतका का बेटा और कुछ स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे। गुस्साए परिजनों ने सड़क जाम कर न्याय की मांग की, लेकिन पुलिस बल ने लाठियां भांजकर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने मृतका के पुत्र को जमकर पीटा, साथ ही विरोध प्रदर्शन कर रही कुछ महिलाओं पर भी पुरुष पुलिसकर्मियों ने हाथ उठाए। इस बेरहमी भरे व्यवहार पर स्थानीय लोगों ने तीखा विरोध जताया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया, "मां की लाश सड़क पर पड़ी थी, बेटा रो-रोकर बेकाबू हो रहा था, फिर भी पुलिस ने बिना सोचे-समझे लाठियां चला दीं।"
मृतका के शव को कावड़िया अस्पताल (शास्त्री नगर, कावटिया सर्कल) ले जाया गया, जहां परिजनों ने अस्पताल परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से मृतका के परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे किशनपोल विधायक अमीन कागजी ने परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने आश्वासन दिया कि दोषी बस चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और परिवार को न्याय मिलेगा। कागजी ने कहा, "ऐसी घटनाओं में प्रशासन की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मृतका के परिवार को हर संभव सहायता दी जाएगी।"

## स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के निर्देश




सीवन संवाददाता मसरूर अहमद
सिवानः मंगलवार को आगामी 06 नवंबर,2025 को होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने आज समाहरणालय सभागार में जिले के विभिन्न कोषांगों के नोडल, वरीय, पदाधिकारीगणों के साथ समीक्षात्मक बैठक की।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी सिवान सह- डॉ आदित्य प्रकाश ने विभिन्न कोषांगों के नोडल एवं वरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की
उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव को उत्सवी माहौल में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
जिलाधिकारी ने कहा कि सिवान जिले के सभी 08 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 06 नवंबर को होना है। इसके लिए सभी अधिकारी टीमवर्क एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें।
प्रेक्षक कोषांग के नोडल पदाधिकारी को प्रेक्षक के आवासन, दूरभाष कंप्यूटर आदि एवं अन्य सभी संबंधित आवश्यक तैयारी को पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया। विधि व्यवस्था कोषांग के प्रभारी को सेक्टर/जोनल हेतु पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति हेतु अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया।
आदर्श आचार संहिता कोषांग के नोडल पदाधिकारी को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित एफ आई आर एवं सभी कार्रवाइयों को प्रतिवेदन में देने का निर्देश दिया गया।

## श्रम समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होम इटटू नोएडा कम्पनी के कर्मचारी करेंगे हड़ताल "सीटू"




नोएडा, मैसर्स- होम इटटू बी-96,106 एवं 109 नोएडा के कर्मचारियों ने कम्पनी प्रबंधकों द्वारा किए जा रहे आर्थिक शोषण, उत्पीड़न के खिलाफ आज सीटू कार्यालय सेक्टर- 8, नोएडा पर आम सभा कर आंदोलन की रूपरेखा की रुपरेखा तय किया।
बैठक की जानकारी देते हुए सीटू जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि होम इटटू के मालिकान श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाकर संस्थान को चला रहे हैं और मजदूरों का आर्थिक व मानसिक रूप से उत्पीड़न कर रहे हैं जिसकी शिकायत हमारे संगठन द्वारा उप श्रमायुक्त गौतम बुद्ध नगर से लिखित में की हुई है जिस पर समस्याओं के समाधान हेतु श्रम कार्यालय में अनेको वार्ता की तिथि लग चुकी है, कल 13 अक्टूबर 2025 को वार्ता की तिथि लगी हुई थी। लेकिन वार्ता में कंपनी मालिक/ प्रबंधक उपस्थित नहीं हुए। जिस पर सहायक श्रमायुक्त एसपी सिंह के समक्ष श्रमिकों ने असंतोष व्यक्त किया। सहायक श्रमायुक्त ने कंपनी प्रबंधकों को एक और अवसर देते हुए 18 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11:00 बजे वार्ता के लिए बुलाया है। प्रबंधकों भेजे गए पत्र में वार्ता में शामिल होने पर कंपनी मालिक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की बात कही गई है। उन्होंने बताया कि वार्ता में ट्रेड यूनियन रंजिश मानकर श्रमिक अरुण पटेल को गैरकानूनी तरीके से कार्य से रोके जाने, बोनस व ओवर टाइम का कानूनी भुगतान और सभी श्रमिकों के नाम मास्टर रोल पर दर्ज कर श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली सभी विधिक सुविधा का लाभ दिए जाने सहित सभी मुद्दों को उठाया जाएगा। वार्ता के माध्यम से उक्त समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संस्थान स्तर पर आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।
सभा को संबोधित करते हुए सीटू जिला उपाध्यक्ष रामसागर ने कर्मचारियों को संगठित होकर लड़ने के लिए प्रेरित किया। साथ उन्होंने कहा कि यदि 18 अक्टूबर 2025 की प्रस्तावित वार्ता में कंपनी मालिक/प्रबंधकों ने हिस्सा नहीं लिया तो संस्थान के कर्मचारी कभी भी हड़ताल पर जा सकते हैं जिसके लिए पूर्ण रूप से कंपनी मालिक/ प्रबंधन जिम्मेदार होंगे।

## अल्पसंख्यक समुदाय के ऋणी एकमुश्त समाधान योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया ) ।**
**अल्पसंख्यक मंत्रालय** द्वारा राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा दिए गए ऋणों में बकाया किस्तों पर दण्डनीय ब्याज एवं साधारण ब्याज की छूट प्रदान की जाने के लिए एकमुश्त समाधान योजना 2025 30 सितम्बर तक निर्धारित की गई थी। जिसमें अभिवृद्धि कर 31 अक्टूबर तक की गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राखी शर्मा ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति जिन्होंने अल्पसंख्यक विभाग से 31 मार्च 2024 तक ऋण प्राप्त किया है तथा समय पर किस्तों की अदायगी नहीं की गई है। वह एकमुश्त समाधान योजना 2025 का लाभ 31 अक्टूबर तक प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के ऋणी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाकर वैधानिक कार्यवाही ऋण से मुक्ति पाएं।

## सेंट एंजेल्स ने इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में लहराया परचम



**बागपत। विवेक जैन। सेंट** एंजेल्स के प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैभव, कार्तिक, रेयान, अनंत, असद व प्रियश ने हरियाणा के सोनीपत में स्थित राजीव गांधी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 12 अक्टूबर 2025 को संपन्न हुई 13वीं शॉर्ट ट्रैक इंटर स्कूल रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 में 3 गोल्ड व 3 सिल्वर मेडल जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में अंडर- 12 आयु वर्ग के बालक वर्ग में 300 मी स्केटिंग रेस प्रतियोगिता में वैभव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंडर-10 आयु वर्ग के बालक वर्ग में 300 मी॰ स्केटिंग रेस में कार्तिक ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंडर- 8 आयु वर्ग के बालक वर्ग में 200 मी स्केटिंग रेस में रेयान ने गोल्ड मेडल व अनंत ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर-6 आयु वर्ग के बालक वर्ग में 200 मी स्केटिंग रेस में असद ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर- 4 आयु वर्ग के बालक वर्ग में 200 मी स्केटिंग रेस स्पर्धा में प्रियश ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। स्कूल पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधक अजय गोयल ने स्केटिंग चैंपियनशिप में स्कूल व जनपद का नाम रोशन करने वाले सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अजीत, राजीव, बबलेश, अक्षय, कृष्णा, गौरव, आदित्य, दीपक आदि शिक्षक उपस्थित रहे`

## अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय चेयरमैन को ज्ञापन सौंपा



**जम्मू 14 अक्टूबर / राष्ट्रीय** वाल्मीकि शक्ति महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय महर्षि वाल्मीकि साधु अखाड़ा परिषद के प्राचार्य महंत गुरु जी राजू चंदेल आज अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ केंद्रीय अनुसूचित जाति आयोग के राष्ट्रीय चेयरमैन किशोर मकवाना से भेंट कर भगवान वाल्मीकि प्रकोट उत्सव के मौके पर मशहूर टीवी चैनल की एंकर अंजना ओम कश्यप द्वारा भगवान वाल्मीकि को अपशब्द और उनकी छवि को खराब करने का गंभीर आरोप लगाते हुए टीवी चैनल पर
अपना कार्यक्रम न्यूज पेश की जिसको सुनकर देखकर तमाम देश के सनातनी वाल्मीकि हिंदू समाज में रोष व्याप्त है जिसको लेकर प्रतिनिधिमंडल में संजय वाल्मीकि महेंद्र राजू चंदेल भारत वाल्मीकि योगेंद्र सिंह राजोरा, राकेश बेनीवाल राकेश गहलोत, अधिवक्ता राजेश उदित सिंह, सहित गणमान्य व्यक्ति
आज अनुसूचित जाति आयोग के का राष्ट्रीय कार्यालय पर पहुंचे और ज्ञापन देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस टीवी न्यूज चैनल एंकर के खिलाफ सक्सेस सख्त कार्रवाई आयोग की तरफ से की जानी चाहिए अन्यथा समाज सड़कों पर उतरेगी और यह बात अब समाज को आघात पहुंचा चुकी है जिस कारण समाज सड़कों पर उतरने के लिए उतावला है या तो मशहूर टीवी एंकर अंजना ओम कश्यप सनातनी वाल्मीकि हिंदू समाज से माफी मांगे या उसके खिलाफ कानूनी कठोर कार्रवाई की जाए इसके बगैर समाज शांत नहीं बैठेगा यह बयान जारी करते हुए राष्ट्रीय बाल्मीकि शक्ति महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय वाल्मीकि ने कहा कि अब समाज शांत नहीं बैठेगा इस तरह हमारे भगवान वाल्मीकि के बारे में हर कोई ऐरा गैरा नाथू खैरा गैर बयान बाजी कर भगवान वाल्मीकि के सम्मान में गलत बात बोलकर समाज को ठेस पहुंचा रहा है
इस मौके पर वाल्मीकि रत्न महंत राजू चंदेल मैं आयोग के चेयरमैन से कहा कि गूगल और युटुब से भगवान वाल्मीकि के बारे में जो गलत बयान अब तक आ दिख रहा हैं उनको तुरंत हटाया जाए इससे कम समाज को बात मंजूर नहीं नहीं तो समाज बहुत बड़ा आंदोलन खड़ा करेगा भगवान वाल्मीकि का अपमान अब नहीं सहन करेगा

## किआ इंडिया ने बढ़ाई कारों की वारंटी, अब 7 साल तक सुरक्षा उपलब्ध



**नई दिल्लीः देश की** अग्रणी प्रीमियम कार निमार्ता कंपनी किआ इंडिया ने अपने एक्सटेंडेड वारंटी प्रोग्राम को 5 साल से बढ़ाकर 7 साल तक कर दिया है। यह अवधि वाहन की डिलीवरी की तारीख से लागू होगी। यह पहल ग्राहकों को बेहतर स्वामित्व अनुभव और दीर्घकालिक भरोसा एवं सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।
नई 7-साल की एक्सटेंडेड वारंटी किआ सेल्टोस, सोनेट, साइरस और कैरेंस के नए एवं मौजूदा दोनों ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। जिन ग्राहकों के पास पहले से 5-साल की वारंटी है, वे इसे 5+2 वर्ष की योजना में अपग्रेड कर सकते हैं, जिसकी शुरूआती कीमत 32,170 रुपये (कर रहित) है। नए ग्राहकों के लिए 7-साल की एक्सटेंडेड वारंटी 47,249 रुपये (कर रहित) से शुरू होती है। यह सुविधा देशभर के किसी भी अधिकृत किआ डीलरशिप से प्राप्त की जा सकती है।
इस लॉन्च पर बोलते हुए श्री अतुल सूद, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एवं मार्केटिंग), किआ इंडिया ने कहा, ह्वकिआ इंडिया अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट अनुभव और पूर्ण मानसिक शांति का भरोसा देने के लिए प्रतिबद्ध है। नए और मौजूदा ग्राहकों के लिए वारंटी अवधि को 7 साल तक बढ़ाकर हम अपनी गाड़ियों की गुणवत्ता और मजबूती पर विश्वास जताते हैं और अधिकृत सर्विस नेटवर्क के माध्यम से सतत सहयोग सुनिश्चित करते हैं। यह पहल हमारे प्रत्येक ग्राहक को लंबी अवधि तक मूल्य और श्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के हमारे वादे का प्रतीक है।ह्व
विभिन्न पहलों और विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से किआ इंडिया निरंतर अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के अपने वादे को निभा रही है। यह एक्सटेंडेड वारंटी न केवल शांति और भरोसे का आश्वासन देती है, बल्कि रख-रखाव की लागत को नियंत्रित रखती है और भविष्य में वाहन की रीसेल वैल्यू को भी सुरक्षित बनाती है।

# पंजाब सरकार द्वारा राज्य को बाल भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं फरीदकोट में 2 बच्चों को मुक्त कराया: बलजीत

**फरीदकोट, 14 अक्टूबर: ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में, पंजाब सरकार द्वारा राज्य को बाल भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इसी कड़ी में, फरीदकोट में भीख मांग रहे 2 बच्चों को मुक्त कराया गया है।



डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि उन्होंने फरीदकोट फाटक के पास इन बच्चों को देखा और तुरंत जिला बाल संरक्षण टीम को सूचित किया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों को बचाकर ज़िला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। जाँच के बाद, उन्हें बाल गृह में अस्थायी रूप से सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया है।

डॉ. बलजीत कौर ने राज्य की सभी ज़िला बाल संरक्षण टीमों की सराहना की, जिनके बाल संरक्षण और जीवनजोत परियोजना के तहत तत्काल और समर्पित प्रयासों के राज्य भर में सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये टीमें सरकार की नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

कैबिनेट मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान का सपना है कि पंजाब में कोई भी बच्चा सड़कों पर भीख माँगता न दिखे। सरकार जीवनजोत परियोजना के माध्यम से भीख माँगने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है और इस अभियान के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बाल भीख माँगना न केवल एक सामाजिक बुराई है, बल्कि बच्चों के अधिकारों का भी उल्लंघन है। डॉ. बलजीत कौर ने माता-पिता और बच्चों से भीख मँगवाने वाले गिरोहों को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. बलजीत कौर ने राज्य के नागरिकों से अपील की कि यदि वे कहीं भी किसी बच्चे को भीख मांगते हुए देखें तो उसे भीख देने की बजाय चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करें और इस सामाजिक बुराई को खत्म करने में राज्य सरकार का सहयोग करें।

## एसडीएम फाजिल्का ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ मिठाई की दुकानों की चेकिंग की, मिठाइयों के नमूने लिए



**फाजिल्का 14 अक्टूबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा ) उपायुक्त अमरप्री**त कौर संधू के निर्देश पर एसडीएम फाजिल्का मैडम वीरपाल कौर ने स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ विभिन्न मिठाई की दुकानों की जाँच की। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता, मानक और मिलावट रहित मिठाइयाँ बेचने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी पहले भी मिठाई और कन्फेक्शनरी की दुकानों की जाँच करते रहे हैं, लेकिन त्योहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह जाँच लगातार जारी रहेगी ताकि बाजारों में कहीं भी मिलावटी सामान न बेचा जाए। उन्होंने कहा कि दुकानदारों द्वारा मिठाई बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए, और किसी भी तरह से निम्न गुणवत्ता वाले सामान का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुकानों के अंदर साफ-सफाई अनिवार्य की जानी चाहिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री हरविंदर सिंह ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ. रोहित गोयल के आदेशानुसार मिठाई की दुकानों की जाँच की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी को भी खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जाँच के दौरान रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन आदि मिठाइयों के नमूने लिए गए हैं और उनकी जाँच की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि अगर कोई नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अधीक्षक गणेश कुमार भी मौजूद थे।

## अलवर मे राजस्थान मेडिकल छात्रों में मानसिक सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम हुआ आयोजित



**ईएसआई** मेडिकल कॉलेज, अलवर में आईएमए राजस्थान मेडिकल स्टूडेंट नेटवर्क के तत्वावधान में मेडिकल छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, कम्युनिकेशन स्किल ट्रेनिंग और बिहेवियर मैपिंग से संबंधित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में डॉ. लोकेन्द्र शर्मा (प्रिंसिपल, जीएमसी टोंक) ने स्ट्रेस-बस्टरिंग एवं सीपीआर विषय पर और डॉ. हर्ष यादव ने कम्युनिकेशन एंड बिहेवियर पर प्रभावशाली सत्र लिए। इसके अतिरिक्त दवा-साइड इफेक्ट्स मॉनिटरिंग और ड्रग डी-एडिक्शन पर प्रैक्टिकल डेमो भी प्रस्तुत किए गए यह कार्यक्रम ईएसआई मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ओम प्रकाश लाखवानी, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कासवान, और डॉ. राजनिश शर्मा, आईएमए राजस्थान के मार्गदर्शन मे सम्पन्न हुआ इस अवसर पर 200 से अधिक मेडिकल छात्रों की सक्रिय उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मेडिकल छात्रों में मानसिक सशक्तिकरण और व्यवहारिक संवेदनशीलता बढ़ाना था।

## नारायण सेवा केंद्र, कैथल द्वारा दिव्यांगजनों हेतु नि:शुल्क छात्रावास सुविधा का शुभारंभ

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** नारायण सेवा संस्थान द्वारा संचालित नारायण सेवा केंद्र, कैथल द्वारा आज दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क छात्रावास सुविधा की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रमुख दानदाता बलवान सिंह ने इस जन-कल्याणकारी पहल का रिबन काटकर शुभारंभ किया।




कार्यक्रम में संस्थान के राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग, कैथल शाखा संयोजक दुर्गा प्रसाद, नरवाना शाखा संयोजक राजेंद्र पाल गर्ग, सेवा प्रचारक मनोज गर्ग, प्रवीण जिंदल, कैथल सेंटर इंचार्ज पंकज शर्मा एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

इस नई सुविधा का उद्देश्य ऐसे दिव्यांग विद्यार्थियों को सुरक्षित, समर्पित और सुलभ आवास उपलब्ध कराना है, जो नारायण सेवा केंद्र में व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए अन्य स्थानों से कैथल आते हैं। मुख्य अतिथि बलवान सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में नारायण सेवा संस्थान का यह कदम अतुलनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने आगे भी हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। नारायण सेवा केंद्र के प्रतिनिधियों और डॉ विवेक गर्ग ने बताया कि यह छात्रावास पूर्ण रूप से निःशुल्क है और इसमें रहने वालों के लिए भोजन, अध्ययन सामग्री, तथा आवश्यक चिकित्सकीय सहायता की भी व्यवस्था की गई है।यह पहल नारायण सेवा संस्थान की सेवा ही संकल्प भावना को जीवंत करती है और समाज में समान अवसर की दिशा में एक सार्थक कदम है, जिससे कैथल से बाहर अन्य क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा सकेगा। उन्होंने इस निःस्वार्थ सहयोग के लिए बलवान का संस्थान की ओर से धन्यवाद किया। शाखा संयोजक दुर्गा प्रसाद ने सभी भामाशाहों से निरंतर सहयोग की अपील की।

## जलालाबाद विधायक ने अरनीवाला ब्लॉक के विभिन्न गाँवों में सड़कों की मरम्मत/नवीनीकरण के लिए 4 करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया



**जलालाबाद/फाजिल्का 14 अक्टूबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है ताकि गाँवों को भी शहरों जैसा रूप मिल सके। यह बात जलालाबाद विधायक श्री जगदीप कंबोज गोल्डी ने जलालाबाद निर्वाचन क्षेत्र के अरनीवाला ब्लॉक के विभिन्न गाँवों में सड़कों की मरम्मत/नवीनीकरण के लिए 4 करोड़ 29 लाख 70 हजार रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन करने के अवसर पर व्यक्त की।

इस अवसर पर विधायक जलालाबाद ने कहा कि आज कमाल वाला से कोहरिया तक 79.67 लाख रुपये की लागत से, डबवाला कलां से टाहली वाला जट्टा तक 42.01 लाख रुपये की लागत से, इस्लाम वाला से कंधवाला से हजार खां तक ??57.97 लाख रुपये की लागत से, बुर्ज हनुमानगढ़ से मोहल्ला वाया घुरियाना तक 84.54 लाख रुपये की लागत से तथा अरनीवाला से सम्मेवाली (खंड अरनीवाला से नंदगढ़ वाया बंधा) तक 1 करोड़ 65 लाख 51 हजार रुपये की लागत से सड़क का उद्घाटन किया गया है। विधायक जलालाबाद ने कहा कि हलके का कोई भी गांव विकास के मामले में पीछे नहीं रहेगा और हलके की हर सड़क को पक्का व मरम्मत भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हलके के गांवों में गलियां, नालियां, पक्के तालाब, सीवरेज व स्टेडियम आदि के कार्य करवाए जा रहे हैं और वे अपनी जन्मभूमि को अपनी कर्मभूमि बनाते रहेंगे। उन्होंने उन गांवों के लोगों से कहा कि यदि गांव के किसी भी विकास के लिए धन की आवश्यकता हो तो बेझिझक उन्हें बताएं कि सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है तथा हर विकास कार्य को पक्षपात से ऊपर उठकर पूरा किया जाएगा।

## जैसलमेर बस हादसा बेहद दुखद, ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और घायलों को मिले शीघ्र स्वास्थ्य लाभ: मदन राठौड़



**\जयपुर, 14 अक्टूबर 2025। भा**रतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जैसलमेर से जोधपुर आ रही एक निजी बस में लगी भीषण आग की हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस भीषण दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु होने और कई यात्रियों के घायल होने पर संवेदना व्यक्त करते हुए राठौड़ ने कहा कि यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक और असहनीय है। यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि कई परिवारों की दुनिया उजड़ने जैसा है। जिन परिवारों ने इस त्रासदी में अपने परिजनों को खोया है, उनके दुःख में हम सभी गहरे रूप से सहभागी हैं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हो। प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटना के तुरंत बाद संवेदनशीलता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सरकार इस कठिन समय में पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़ी है।

## सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में खेल महोत्सव की रूपरेखा को दिया जा रहा अंतिम स्वरूप

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** सांसद खेल महोत्सव को लेकर कैथल में तैयारियाँ तेजी से चल रही हैं। सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित किए जाने वाले खेल महोत्सव को लेकर कैथल कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा, खेलों की श्रेणियाँ, पंजीकरण की स्थिति, स्थल प्रबंधन और प्रतिभागियों की सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में आयोजन समिति के प्रमुख सदस्यों, तकनीकी विशेषज्ञों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान महोत्सव के आयोजन स्थलों की रूपरेखा का बारीकी से अध्ययन किया गया। महोत्सव में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, फुटबॉल और पारंपरिक ग्रामीण खेलों को शामिल किया जा रहा है, साथ ही, महिला खिलाड़ियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अलग श्रेणियाँ भी बनाई जाएँगी। आयोजन के दौरान सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, पेयजल और दर्शक व्यवस्था जैसे सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव के कोर्डिनेटर रोहन मेनन ने कहा कि कैथल सहित पूरे संसदीय क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें मंच और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण और शहरी स्तर पर छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का यह एक बड़ा प्रयास है।



## एटक हरियाणा की वर्चुअल मीटिंग में सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) हरियाणा के राज्य पदाधिकारियों की वर्चुअल मीटिंग आज आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राज्य अध्यक्ष कामरेड पहल सिंह तंवर ने की। बैठक की शुरूआत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया और सरकार से इस आत्महत्या प्रकरण की सीबीआई जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

बैठक में प्रमुख एजेंडा प्रस्तुत करते हुए राज्य महासचिव अनिल पंवार ने कहा कि सरकार ने पिछले लंबे समय से भवन निर्माण मजदूरों को श्रम कल्याण बोर्ड के तहत मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर रखा है, जिससे हजारों मजदूरों को लाभ से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की मजदूर विरोधी नीति का प्रमाण है और एटक इस अन्याय के खिलाफ लगातार संघर्षरत है। अनिल पंवार ने केंद्र सरकार द्वारा लाई गई श्रम शक्ति नीति 2025 का भी विरोध करते हुए कहा कि यह नीति गैरकानूनी तरीके से लागू की गई है। इस पर किसी भी ट्रेड यूनियन संगठन से चर्चा नहीं की गई। उन्होंने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से इस मसौदे को तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की। राज्य महासचिव विनोद कुमार दाड़ोली ने कहा कि अब भवन निर्माण मजदूरों की नई पंजीकरण प्रतियां नहीं बन रहीं और पंजीकृत मजदूरों को भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा।

## उपायुक्त ने खियो वाली ढाब, रामकोट, घुबाया आदि मंडियों का दौरा किया

**फाजिल्का, 14 अक्टूबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
उपायुक्त अमरप्रीत कौर संधू ने धान खरीद प्रक्रिया का जायजा लेने के लिए खियो वाली ढाब, रामकोट, घुबाया आदि अनाज मंडियों का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को धान की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान योद्धाओं को मंडी में किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

मंडियों का जायजा लेते हुए, उपायुक्त ने मौके पर ही बेची जा रही फसल की जांच की। उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों द्वारा मीटर से की जा रही नमी की मात्रा की भी जांच की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया के दौरान किसानों को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने यह भी आदेश दिए कि मंडी में फसल लेकर आने वाले किसान की फसल को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होना चाहिए और न ही कटने आदि की कोई शिकायत आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी किसान की फसल में नमी की मात्रा निर्धारित मानक के अनुसार है तो फसल की खरीद एक साथ कर-के उठान किया जाए और किसान को भुगतान भी समय पर किया जाए। इस दौरान उन्होंने किसान भाइयों से बातचीत भी की और आश्वासन दिया कि उनकी फसल का एक-एक दाना बिना किसी परेशानी के उठाया जाएगा। उन्होंने किसान भाइयों से अपील करते हुए यह भी कहा कि वे भी अपनी फसल को अच्छी तरह से सुखाकर ही मंडियों में लाएं ताकि उन्हें मंडी में इंतजार न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडी में किसानों के लिए उचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि जैसे ही किसान मंडी में आएं तो किसानों की फसल एक साथ खरीद ली जाए। इस अवसर पर एसडीएम फाजिल्का मैडम वीरपाल कौर, एसडीएम जलालाबाद कंवरजीत सिंह मान, जिला मंडी अधिकारी सुलोध बिश्नोई, मंदीप कुमार सचिव मार्केट कमेटी, विनोद कुमार मंडी सुपरवाइजर के अलावा खरीद एजेंसियों के अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## आत्मनिर्भर भारत विषय पर कार्यशाला आयोजित, भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

**कैथल (कृष्ण प्रजापति):** कलायत विधानसभा क्षेत्र में आज आत्मनिर्भर भारत विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने शिरकत की। कार्यशाला की अध्यक्षता विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्षों ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, पन्ना प्रमुख, पार्षद, चेयरमैन, ब्लॉक समिति सदस्य, मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन एवं वाइस चेयरमैन, मंडल प्रभारी और जिला स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। युवा भाजपा नेता, बालू मंडल अध्यक्ष, मेंबर ग्रीवेंस कमेटी कैथल, प्रधान प्रतिनिधि मटौर सोसायटी बैंक एवं जुलानीखेड़ा के सरपंच नरेंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत का सपना आज साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में स्वरोजगार, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास को बढ़ावा देकर भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। कार्यशाला में सभी वक्ताओं ने आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। नरेन्द्र सरपंच जुलानी खेड़ा ने संगठन की मजबूती और समाज में आत्मनिर्भरता के संदेश को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया



## गंगासागर मेला 2026 की तैयारी शुरू, सागर में हुई पहली प्रशासनिक बैठक

**रमेश राय, गंगासागर**
**अगले वर्ष** 8 जनवरी 2026 से शुरू होने जा रहा प्रसिद्ध गंगासागर मेला। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने तैयारियों में तेजी ला दी है। इसी क्रम में मंगलवार को गंगासागर मेला कार्यालय में आगामी गंगासागर मेला 2026 की पहली महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी सुमित गुप्ता ने की। बैठक में मथुरापुर लोकसभा के सांसद बापी हलदार, सुंदरवन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा, जीबीडीए चेयरमैन सीमांत कुमार माली, सुंदरवन पुलिस जिले के एसपी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मेला सुरक्षा, परिवहन व्यवस्था, जनस्वास्थ्य, भीड़ नियंत्रण, आवास व्यवस्था और तटीय सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।




## एक किरण उम्मीद की संस्था द्वारा 11 मार्च को आयोजित होगा 5 जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह

**कैथल (कृष्ण प्रजापति): एक किरण उम्मीद की संस्था ने समाजसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम** उठाते हुए घोषणा की है कि वह 5 जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह आयोजित करने जा रही है। यह भव्य आयोजन 11 मार्च 2026 बुधवार को रजनी रॉयल पैलेस, पुंडरी में संपन्न होगा। संस्था की अध्यक्षा निधि मोहन ने बताया कि इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह का बोझ हल्का करना और समाज में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि संस्था समाज के सहयोग से विवाह की सभी व्यवस्थाएं जैसे वस्त्र, आभूषण, गृह-उपयोगी सामग्री और धार्मिक अनुष्ठान पूरी गरिमा और परंपरा के साथ करवाएगी। सामूहिक शादी के आवेदन 30 नवंबर 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं।

इच्छुक परिवार या सहयोगी व्यक्ति संस्था से संपर्क कर सकते हैं। संस्था से जुड़ी प्रमुख सदस्य डॉ. मनीषा मंगल, वंदना मित्तल, बबिता सिंगला, रजनी वालिया और नेहा इस अभियान की आयोजन समिति में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। सभी सदस्य मिलकर इस सामाजिक कार्य को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क और सहयोग अभियान चला रही हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन समाज में दान, सेवा और एकता की भावना को मजबूत करेगा।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित कराने के निर्देश

**सीवन संवाद**दाता मसरूर अहमद
सिवान,14 अक्टूबर 2025 मंगलवार को आगामी 06 नवंबर,2025 को होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डॉ आदित्य प्रकाश ने आज समाहरणालय सभागार में जिले के विभिन्न कोषांगों के नोडल, वरीय, पदाधिकारीगणों के साथ समीक्षात्मक बैठक की।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी सिवान सह- डॉ आदित्य प्रकाश ने विभिन्न कोषांगों के नोडल एवं वरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आहूत की
उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि चुनाव को उत्सवी




माहौल में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सिवान जिले के सभी 08 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 06 नवंबर को होना है। इसके लिए सभी अधिकारी टीमवर्क एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा आयोग के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। प्रेक्षक कोषांग के नोडल पदाधिकारी को प्रेक्षक के आवासन, दूरभाष कंप्यूटर आदि एवं अन्य सभी संबंधित आवश्यक तैयारी को पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया।विधि व्यवस्था कोषांग के प्रभारी को सेक्टर/जोनल हेतु पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति हेतु अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

आदर्श आचार संहिता कोषांग के नोडल पदाधिकारी को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित एफ आई आर एवं सभी कार्रवाइयों को प्रतिवेदन में देने का निर्देश दिया गया।सिंगल विंडो सिस्टम के नोडल पदाधिकारी को सभी तैयारियां को पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारीने विशेष रूप से कहा कि इस बार जिले का मतदान प्रतिशत 70% से अधिक हो, इसके लिए जनसहभागिता आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि 50% से कम वोटर टर्नआउट (श्ळफ) वाले मतदान केंद्रों को फोकस किया जाए तथा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को और तेज किया जाए।

## निर्वाचन को लेकर फोर्स डेप्लॉयमेंट को लेकर हुई बैठक



**देश का दर्पण न्यूज संवाददाता रमेश प्रसाद सिंह की रिपोर्ट बिहार वैशाली से**
बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्ण चुनाव संपन्न कराने की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के कार्यालय कक्ष में निर्वाचन के दौरान डेप्लॉयमेंट को लेकर पुलिस अधीक्षक, ललित मोहन शर्मा की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।
वैशाली जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने सभी पदाधिकारी को फोर्स डेप्लॉयमेंट बना लेने का सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया । उन्होंने आगे कहा कि बुथ लिस्ट तथा मतदान केंद्र भवन के अनुसार फोर्स डेप्लॉयमेंट की कार्य योजना तैयार कर लिए जाए। किसी भवन में एक मतदान केंद्र है तो वहां 1- 4 का बाल रहेगा । यदि किसी भवन में दो मतदान केंद्र है तो वहां 1 - 6 यदि कहीं तीन मतदान केंद्र है तो 2 - 8? का, इसी प्रकार जो वल्नरेबल बुथ है। उसकी सूची में उसपर स्टार मार्कींग कर दिया जाए । ताकि वहां सीएपीएफ लगाना होगा। इसके अलावे होम गार्ड के जवान को भी लगाना होगा । जिला पुलिस बल, विधी व्यवस्था, ट्रेफिक व्यवस्था, वाहन कोषांग, कन्ट्रोल रूम एवं विभिन्न वरीय पदाधिकाररियों साथ कैंडिडेट के बॉडी गार्ड में लगाया जाएगा। क्यू आर टी एवं थाना में लगाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि उसका कार्य योजना समय से बना लें। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मे हुए सम्मिलित डीएम एसपी एवं अन्य...



सीवन संवाददाता मसरूर अहमद
सीवन जिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के द्वारा बिहार विधान सभा निर्वाचन- 2025 के निमित्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई।
बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी सिवान डॉ आदित्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, सिवान श्री मनोज कुमार तिवारी के साथ उप निर्वाचन पदाधिकारी, सिवान सम्मिलित हुए।

## एसडीएम फाजिल्का ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ मिठाई की दुकानों की चेकिंग की

**फाजिल्का 14 अक्टूबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
उपायुक्त अमरप्रीत कौर संधू के निर्देश पर एसडीएम फाजिल्का मैडम वीरपाल कौर ने स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ विभिन्न मिठाई की दुकानों की जाँच की। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम का पालन करते हुए उच्च गुणवत्ता, मानक और मिलावट रहित मिठाइयाँ बेचने के निर्देश दिए।



एसडीएम ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी पहले भी मिठाई और कन्फेक्शनरी की दुकानों की जाँच करते रहे हैं, लेकिन त्योहारों के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह जाँच लगातार जारी रहेगी ताकि बाजारों में कहीं भी मिलावटी सामान न बेचा जाए। उन्होंने कहा कि दुकानदारों द्वारा मिठाई बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए, और किसी भी तरह से निम्न गुणवत्ता वाले सामान का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुकानों के अंदर साफ-सफाई अनिवार्य की जानी चाहिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री हरविंदर सिंह ने बताया कि सिविल सर्जन डॉ. रोहित गोयल के आदेशानुसार मिठाई की दुकानों की जाँच की जा रही है।
उन्होंने कहा कि किसी को भी खाद्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जाँच के दौरान रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन आदि मिठाइयों के नमूने लिए गए हैं और उनकी जाँच की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए कि अगर कोई नियमों का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## अलवर मे राजस्थान मेडिकल छात्रों में मानसिक सशक्तिकरण पर विशेष कार्यक्रम हुआ आयोजित



**ईएसआई मेडिकल** कॉलेज, अलवर में आईएमए राजस्थान मेडिकल स्टूडेंट नेटवर्क के तत्वावधान में मेडिकल छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, कम्युनिकेशन स्किल ट्रेनिंग और बिहेवियर मैपिंग से संबंधित एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में डॉ. लोकेन्द्र शर्मा (प्रिंसिपल, जीएमसी टोंक) ने स्ट्रेस-बस्टरिंग एवं सीपीआर विषय पर और डॉ. हर्ष यादव ने कम्युनिकेशन एंड बिहेवियर पर प्रभावशाली सत्र लिए। इसके अतिरिक्त दवा-साइड इफेक्ट्स मॉनिटरिंग और ड्रग डी-एडिक्शन पर प्रैक्टिकल डेमो भी प्रस्तुत किए गए यह कार्यक्रम ईएसआई मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ओम प्रकाश लाखवानी, एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कासवान, और डॉ. राजनिश शर्मा, आईएमए राजस्थान के मार्गदर्शन मे सम्पन्न हुआ इस अवसर पर 200 से अधिक मेडिकल छात्रों की सक्रिय उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मेडिकल छात्रों में मानसिक सशक्तिकरण और व्यवहारिक संवेदनशीलता बढ़ाना था।

## पेश की मिसाल :बस में मिला पर्स लौटाया दिया ईमानदारी का परिचय




**मेड़ता सिटी(लक्ष्मीनारायण वैष्णव)**
शिव बस चालक सेसाराम कोसाना एव परिचालक बबलू बेनीवाल ओर समाज सेवी श्रवण पुरी ने बस में मिले पर्स को यात्री को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। इस कार्य की विभाग के अधिकारियों ने भी सराहना की। श्रवण पुरी ने बताया कि जोधपुर मेड़ता बस की रूट पर चलने वाली बस मे जोधपुर से यात्री मेड़ता के लिए आया इस दौरान बस मे पर्स गिर गया` बस में एक यात्री का पर्स मिला। यात्री
यशपाल , पुत्र बुधाराम माली ने बताया कि मै जोधपुर से मेड़ता आ रहा था इस दौरान मेरा पर्स गिर गया जिसमे 9300 नगद ओर कागज थे` जो बस चालक एव परिचालक ओर श्रवण पुरी ने मुझे पर्स लौटाया इन सभी का धन्यवाद करता हुए।

# उत्तर प्रदेश सरकार के कार्मिकों को दीपावली से पहले बोनस देने का निर्णय

**लखनऊ 14 अक्टूबर (पीएमए)** उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली के मौके पर बड़ा उपहार दिया है। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोनस देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारियों के परिश्रम और निष्ठा के प्रति राज्य सरकार की सराहना का प्रतीक है। प्रदेश की प्रगति में सरकारी कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार हर स्तर पर उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राज्य सरकार के कर्मचारियों को उत्पादकता असम्बद्ध बोनस अनुमन्य किया गया है। यह बोनस मासिक परिलब्धियों की अधिकतम सीमा 7,000 के आधार पर 30 दिनों की परिलब्धियों का आगणन करते हुए दिया जाएगा, जिससे प्रत्येक पात्र कर्मचारी को 6,908 रुपए का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली से पहले यह आर्थिक लाभ कर्मचारियों के परिवारों के लिए आनंद और उत्साह लेकर आएगा तथा शासन-प्रशासन में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस निर्णय से राज्य सरकार के लगभग 14 लाख 82 हजार कर्मचारी लाभान्वित होंगे, जिस पर कुल व्ययभार लगभग 1,022 करोड़ रुपए आएगा।
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पात्र कर्मचारियों को बोनस का भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि सभी परिवार इस पर्व को उल्लासपूर्वक मना सकें। राज्य सरकार द्वारा अनुमन्य बोनस के दायरे में वे पूर्णकालिक अराजपत्रित कार्मिक शामिल हैं, जिनके पद का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47,600-1,51,100 रुपए) तक है (सादृश्य ग्रेड वेतन ?4,800 तक)। इसमें राज्य कर्मचारी, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों और जिला पंचायतों के कर्मचारी, राजकीय विभागों के कार्यप्रभारित एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सम्मिलित हैं। बता दें कि भारत सरकार द्वारा भी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बीते 29 सितम्बर को बोनस प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

## नारायण सेवा केंद्र, कैथल द्वारा दिव्यांगजनों हेतु नि :शुल्क छात्रावास सुविधा का शुभारंभ

**कैथल (कृष्ण प्रजापति)ः नारायण सेवा संस्थान द्वारा संचालित नारायण सेवा केंद्र, कैथल द्वारा आज** दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क छात्रावास सुविधा की शुरूआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं प्रमुख दानदाता बलवान सिंह ने इस जन-कल्याणकारी पहल का रिबन काटकर शुभारंभ किया।




कार्यक्रम में संस्थान के राष्ट्रीय शाखा प्रमुख डॉ. विवेक गर्ग, कैथल शाखा संयोजक दुर्गा प्रसाद, नरवाना शाखा संयोजक राजेंद्र पाल गर्ग, सेवा प्रचारक मनोज गर्ग, प्रवीण जिंदल, कैथल सेंटर इंचार्ज पंकज शर्मा एवं दिव्यांगजन उपस्थित रहे।
इस नई सुविधा का उद्देश्य ऐसे दिव्यांग विद्यार्थियों को सुरक्षित, समर्पित और सुलभ आवास उपलब्ध कराना है, जो नारायण सेवा केंद्र में व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए अन्य स्थानों से कैथल आते हैं। मुख्य अतिथि बलवान सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में नारायण सेवा संस्थान का यह कदम अतुलनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने आगे भी हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। नारायण सेवा केंद्र के प्रतिनिधियों और डॉ विवेक गर्ग ने बताया कि यह छात्रावास पूर्ण रूप से निःशुल्क है और इसमें रहने वालों के लिए भोजन, अध्ययन सामग्री, तथा आवश्यक चिकित्सकीय सहायता की भी व्यवस्था की गई है।यह पहल नारायण सेवा संस्थान की सेवा ही संकल्प भावना को जीवंत करती है और समाज में समान अवसर की दिशा में एक सार्थक कदम है, जिससे कैथल से बाहर अन्य क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा सकेगा। उन्होंने इस निःस्वार्थ सहयोग के लिए बलवान का संस्थान की ओर से धन्यवाद किया। शाखा संयोजक दुर्गा प्रसाद ने सभी भामाशाहों से निरंतर सहयोग की अपील की।

## उपजिला अस्पताल में सीपीआर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**मेड़ता सिटी(लक्ष्मीनारायण वैष्णव) /उपजिला अस्पताल मेड़ता में सीपीआर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन हुओ**
इह दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रामेश्वर लाल बेनीवाल ने बताया कि दिनांक 13 से 17 अक्टूबर तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार संपूर्ण देश में सीपीआर अवेयरनेस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य आम जनता को सीपीआर( कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) जो कि कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में एक जीवन रक्षक प्रक्रिया होती है, के बारे में जागरूक करना एवं प्रशिक्षित करना है।



इसी कार्यक्रम के तहत उपजिला अस्पताल मेड़ता सिटी में आम जनता एवं स्टाफ के लिए प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसमें अस्पताल के ही निश्चेतना एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ सुखदेव राव ने प्रशिक्षण दिया एवं सीपीआर की सही तकनीक से अवगत कराया। डॉ राव ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में मरीज अचानक बेहोश हो जाता है एवं हृदय गति रुक जाती है, इस स्थिति में शुरूआती 3 से 5 मिनट अतिमहत्वपूर्ण होते है जिसके दौरान मरीज के पास स्थित किसी भी व्यक्ति द्वारा सही सही सीपीआर (छाती सम्पीडन) दिया जाए तो मरीज का हृदय स्पंदन पुनः चालू हो सकता है एवं मरीज के दिमाग को रक्त का संचार भी बना रहता है, इस प्रकार आम आदमी भी मरीज की जान बचा सकता है। आम जनता एवं विद्यार्थियों को सीपीआर का प्रशिक्षण लेना चाहिए ताकि कार्डिक अरेस्ट की स्थिति में वह अपनों की जान बचा सके। डॉ सुखदेव राव इंडियन रिससिटेशन काउंसिल फेडरेशन के सीपीआर के प्रशिक्षक है एवं कॉम्प्रिहेंसिव रिससिटेशन ट्रेनिंग सेंटर डॉ संपूणार्नंद मेडिकल कॉलेज जोधपुर के सदस्य है।
प्रशिक्षण सत्र में अस्पताल से डॉ ललित चौधरी, डॉ कमलेश गोरा, डॉ चंद्र शेखर गोदारा, मैट्रन श्री मोइनुद्दीन, सुनील विश्नोई, महिपाल जारोड़ा, ठाकुर भाटी, दिनेश दवे, शांति लाल व्यास, मीरा तैराकी संघ अध्यक्ष श्री राजकुमार दहिया सहित कई आम नागरिकों एवं स्टाफ ने भाग लिया।

## गूगल का गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर हमारे 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप : पीएम

**नई दिल्ली 14 अक्टूबर (पीएमए)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गूगल का गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर हमारे 'विकसित भारत' विजन के अनुरूप है। गूगल ने विशाखापत्तनम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हब बनाने का ऐलान किया है। इसके लिए कंपनी अगले पांच वर्षों (2026-2030) तक में करीब 15 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह देश में कंपनी का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, "आंध्र प्रदेश के गतिशील शहर विशाखापत्तनम में गूगल एआई हब का लॉन्च होना काफी खुशी की बात है।"
प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि यह बहुआयामी निवेश, जिसमें गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल है।
इससे टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को एक शक्तिशाली बल मिलेगा।
गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि यह निवेश सभी के लिए एआई सुनिश्चित करेगा, हमारे नागरिकों को अत्याधुनिक उपकरण प्रदान करेगा, हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा और इससे ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर के रूप में भारत का स्थान सुरक्षित होगा।
पिचाई ने इससे पहले पोस्ट किया था कि प्रधानमंत्री मोदी से बात करके उन्हें बहुत अच्छा लगा और विशाखापत्तनम में पहले गूगल एआई हब के लिए हमारी योजनाओं को साझा किया।

## गंगासागर मेला 2026 की तैयारी शुरू, सागर में हुई पहली प्रशासनिक बैठक

**रमेश राय, गंगासागर**
**अगले वर्ष** 8 जनवरी 2026 से शुरू होने जा रहा प्रसिद्ध गंगासागर मेला। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को ध्यान में रखते हुए दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने तैयारियों में तेजी ला दी है। इसी क्रम में मंगलवार को गंगासागर मेला कार्यालय में आगामी गंगासागर मेला 2026 की पहली महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता दक्षिण 24 परगना के जिलाधिकारी सुमित गुप्ता ने की। बैठक में मथुरापुर लोकसभा के सांसद बापी हलदार, सुंदरवन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा, जीबीडीए चेयरमैन सीमांत कुमार माली, सुंदरवन पुलिस जिले के एसपी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मेला सुरक्षा, परिवहन व्यवस्था, जनस्वास्थ्य, भीड़ नियंत्रण, आवास व्यवस्था और तटीय सुरक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।




## प्रभारी सचिव नीति आयोग ने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर(धर्मेन्द्र बिधौलिया )14 अक्टूबर।**
केंद्रीय प्रभारी सचिव नीति आयोग प्रीतम बी यशवंत ने भ्रमण के दौरान उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय पचगांव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शौचालय का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने आईसीटी लैब के बारे में जानकारी ली। विद्यालय में उपस्थित कक्षा 1 के छात्र धनिष्ठ ने संविधान की प्रस्तावना को सुनाया। जिस पर प्रभारी सचिव ने छात्र की सराहना की। उन्होंने कक्षा कक्षो में नीति आयोग द्वारा वित्त पोषित फर्नीचर का अवलोकन किया।
तीन बच्चों को खीर खिलाकर कराया प्रथम बार अन्नप्राशनः- अगले क्रम में केंद्रीय प्रभारी सचिव नरपुरा आंगनबाड़ी केन्द्र एवं ओदी का पुरा नन्दघर पर पहुंचे। उन्होंने एक बालक एवं दो बालिका शिशु को प्रथम बार अन्नग्रहण कराने हेतु खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया। इस दौरान उन्होंने यहां मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु विशेष प्रयास किये गए हैं।
इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भगवान तथागत बुद्ध के अवशोषो की प्रदर्शनी

**लखनऊः14,अक्टूबर (पीएमए)**
उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को रूस के काल्मिकिया गणराज्य की राजधानी एलिस्ता स्थित काल्मिक विश्वविद्यालय परिसर का अवलोकन कर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों से संवाद किया तथा भगवान बुद्ध की विरासत की भावना के प्रतीक के रूप में विश्वविद्यालय को मूल्यवान कंजूर भेंट किया। उन्होंने काल्मिकिया गणराज्य, रूस के केचेनरी स्थित खुरुल (बौद्ध मठ) में भगवान तथागत बुद्ध का दर्शन व पूजन किया। इस अवसर पर पूज्य मठाध्यक्ष जी को भगवान तथागत बुद्ध की विरासत की भावना के प्रतीक के रूप में अमूल्य कंजूर भेंट किया।

## जैन मंदिर से चोरी हुआ कलश बरामद, महिला समेत दो को पकड़ा

एजेंसी
**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर स्थित जैन मंदिर के शिखर पर लगे 40 लाख के कलश चोरी होने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस संबंध में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अनवरी (42) और दानिश (24) के रूप में हुई है। पकड़े गए दोनों आरोपित स्क्रैप डीलर हैं। इनके पास से कलश दो हिस्सों में बरामद हुआ है। मुख्य आरोपित जिसने कलश चोरी किया था, पुलिस को उसकी तलाश है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित ने दो टुकड़ों में कलश को दोनों आरोपितों को कबाड़ में बेच दिया था। आरोपित को नहीं पता था कि कलाश सोने के साथ-साथ अष्टधातु का बना हुआ है। उत्तर-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने सोमवार को बताया कि 11 अक्टूबर को दुर्गापुरी चौक, ज्योति नगर स्थित जैन मंदिर से पुलिस को एक शिकायत मिली थी। मंदिर समिति के प्रधान नीरज ने बताया कि किसी ने मंदिर के शिखर पर लगे 40 लाख रुपये के कलश को चोरी कर लिया है। सीसीटीवी की जांच हुई। जांच के दौरान पता चला कि 10 अक्टूबर को सभी लोग करवाचौथ मनाने में जुटे थे। इसका फायदा उठाकर एक युवक ने मंदिर की छत पर पहुंचकर शिखर पर लगा कलाश चोरी किया। बाद में वह उसे कंधे पर लादकर अपने साथ ले गया। फुटेज के आधार पर ज्योति नगर थाना पुलिस ने आरोपित के रूट का पता किया। उसकी जांच करते हुए टीम पहले सुंदर नगरी अनवरी के पास पहुंच गई।

## एकतरफा प्यार में युवती की चाकू घोंपकर हत्या, आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में सुबह एक युवक ने एक तरफा प्यार में युवती की चाकू से वारकर हत्या कर दी। आरोपित ने युवती पर 12 से अधिक बार वार किए। बाद में आरोपित फरार हो गया। स्थानीय लोग युवती को नजदीकी जीटीबी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच मृतका की पहचान रिया (20) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा क्राइम टीम व एफएसएल मौके पर पहुंच गई। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। बाद में आरोपित आकाश (23) को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद करने का प्रयास कर रही है। पुलिस को दिए बयान में युवती के पिता ने बताया है कि आरोपित युवक आते-जाते उनकी बेटी को परेशान कर रहा था। बेटी ने इस बारे में पिता को बताया था। इस पर पिता ने आकाश के नाना-मामा से शिकायत की थी। परिवार ने आकाश को समझाने की बात की थी। अब आरोपित ने वारदात को अंजाम दे दिया। उत्तर पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि रिया परिवार के साथ सी-ब्लॉक, नंद नगरी में रहती थी। इसके परिवार में पिता मुन्ना, मां पिंकी देवी और एक छोटा भाई रोहन है। मुन्ना दिल्ली नगर निगम में अस्थाई सफाई कर्मचारी है। रिया ने 11वीं कक्षा तक पढ़ाई की थी। फिलहाल वह घर पर ही रहती थी।

## आआपा ने गुजरात के बोटाड मंडी में किसानों पर हमले के खिलाफ घोषित किया 'काला दिवस'

**नई दिल्ली।** गुजरात के बोटाड मंडी में किसानों पर हुए कथित हमले को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने 'काला दिवस' घोषित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह फैसला किसानों पर हुए अत्याचार के खिलाफ लिया गया है और पार्टी पूरे देश में इसका विरोध दर्ज कराएगी। गोपाल राय ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में गुजरात सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि गुजरात की सरकार किसानों पर अत्याचार कर रही है। रविवार को बोटाड मंडी में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज किया गया और कई किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। राय ने कहा कि सरकार का काम जनता के हित में सोचना होता है, लेकिन यहां तो सरकार ही किसानों को परेशान कर रही है। किसानों की मांगें जायज हैं, फिर भी उन पर दमन क्यों? आआपा इस अन्याय के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी और काला दिवस मनाकर सरकार को जगाएगी। गोपाल राय ने केंद्र और राज्य सरकारों से मांग की है कि किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। पार्टी ने देशभर में प्रदर्शन की योजना बनाई है, जिसमें दिल्ली सहित अन्य राज्यों में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## महिला से लूटपाट के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने महिला से लूटपाट के मामले का खुलासा करते हुए दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिट्टू (33) और शिशपाल उर्फ लीलू (35) के रूप में हुई है। दोनों हिसार (हरियाणा) के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटी गई रकम 45,000 रूपये, शिकायतकर्ता का कैनरा बैंक एटीएम कार्ड और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि शिकायतकर्ता इंद्राज कॉलोनी, बावाना निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 3 अक्टूबर को कुछ लोगों ने उसका एटीएम कार्ड जबरन बदल लिया और उसके खाते से 60,000 रुपये निकाल लिए। पुलिस ने महिला के बयान पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु की।

## दिल्ली पुलिस और एनडीआरएफ के बीच आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को लेकर समझौता नवीनीकृत

एजेंसी
**नई दिल्ली।** राजधानी में आपदा प्रबंधन और राहत कार्यों में दिल्ली पुलिस की क्षमता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के बीच आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण से जुड़ा समझौता ज्ञापन तीन साल के लिए नवीनीकृत किया गया। यह समझौता दिल्ली पुलिस मुख्यालय में संपन्न हुआ।

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार समारोह के दौरान दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा की उपस्थिति में यह समझौता विशेष पुलिस आयुक्त (प्रशिक्षण) संजय कुमार और महानिरीक्षक (आईजी) एनडीआरएफ नरेंद्र सिंह बुंदेला द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस समझौते का उद्देश्य दिल्ली पुलिस के



अधिकारियों और जवानों को आपदा प्रबंधन, बचाव कार्य, सीपीआर तकनीक, सामुदायिक आपदा प्रबंधन और इंसिडेंट रिस्पॉन्स सिस्टम जैसे विषयों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण देना है।

आयुक्त सतीश गोलछा ने एनडीआरएफ के अनुभव और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि यह साझेदारी दिल्ली पुलिस को किसी भी आपदा या आपात स्थिति में और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह सहयोग न केवल पुलिस की दक्षता बढ़ाता है, बल्कि दिल्लीवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस ज्ञापन के तहत एनडीआरएफ के प्रशिक्षक नियमित रूप से दिल्ली पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण सत्र आयोजित करते हैं। वर्ष 2022 से अब तक लगभग 17,000 पुलिसकर्मी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो चुके हैं। इससे उनकी आपदा प्रतिक्रिया क्षमता और एनडीआरएफ के साथ समन्वय में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## मंत्री आशीष सूद ने जताई सफाई व्यवस्था पर असंतुष्टि, अंकुश नारंग ने कहा- सच्चाई आ रही सामने

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली की सफाई-व्यवस्था को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच शिक्षा मंत्री आशीष सूद के सड़कों पर फैले कूड़े के ढेर देखकर असंतोष जताने पर आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता एवं दिल्ली नगर निगम (एमडीजी) में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि यह जनता की वास्तविक चिंता को उजागर करता है। अंकुश नारंग ने आज एक बयान में कहा कि सफाई व्यवस्था को और मज़बूत करने की ज़रूरत है। अब जब मंत्री स्वयं असंतुष्टि जता रहे हैं, तो यह साफ है कि सुधार की गुंजाइश अब भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि राजधानी के कई इलाकों में अब भी कूड़ा जमा हो रहा है और यह स्वास्थ्य के लिहाज से चिंता का विषय है। कई जगह उन्होंने मजलिस पार्क, निरंकारी ग्राउंड, कादीपुर, बुराड़ी और वजीराबाद में जाकर हालात देखे हैं। सफाई की व्यवस्था को और



प्रभावी बनाने के लिए ज़मीनी स्तर पर काम की आवश्यकता है। अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली की जनता स्वच्छ वातावरण चाहती है और इसके लिए सभी एजेंसियों को मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मंत्री आशीष सूद का यह कहना है कि उन्हें सफाई अभियान से संतुष्टि नहीं है, एक सकारात्मक संकेत है कि अब जिम्मेदार स्तर पर सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। अंकुश नारंग ने उम्मीद जताई कि इस प्रतिक्रिया को रचनात्मक रूप से लिया जाएगा और भविष्य में सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## डूसू पदाधिकारियों ने की डीयू कुलपति से मुलाकात

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) 2025-26 के सभी पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह से औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर कुलपति ने सभी पदाधिकारियों को जीत की बधाई देते हुए आशा जताई कि छात्र प्रतिनिधि प्रशासन के साथ मिलकर साकारात्मक काम करेंगे।

सभी पदाधिकारियों ने भी कुलपति को आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय एवं छात्र हितों में वह अपना रचनात्मक सहयोग विश्वविद्यालय को देंगे। इस अवसर पर डूसू पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव व कुछ मांगे भी रखी जिन्हें कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने ध्यान से सुना और अधिकतर विषयों पर फौरन समाधान के लिए निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह के साथ डीन ऑफ कॉलेजेज़, प्रो. बलराम पाणी, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, कल्चर काउंसिल के अध्यक्ष अनूप लाठर, डीन स्टूडेंट्स मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. राज किशोर शर्मा और प्रजाइडिंग ऑफिसर प्रो. राजेश कुमार सहित डूसू के नवनिर्वाचित प्रधान आर्यन मान, उपप्रधान राहुल झांसला,



वेलफेयर प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी, डीन अकादमिक प्रो. के. रत्नाबली, डूसू एडवाइजर प्रो. सुरेन्द्र कुमार, सचिव कुणाल चौधरी और संयुक्त सचिव दीपिका झा व डीयू के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## पेड़ों के प्रत्यारोपण के लिए उन्नत मशीनरी वाली एजेंसियों को सूचीबद्ध करने का निर्देश

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वन विभाग को पेड़ों के प्रत्यारोपण के कार्यों के लिए केवल ऐसी एजेंसियों को ही सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया, जिनके पास तकनीकी दक्षता, प्रमाणित अनुभव और उन्नत मशीनरी हो। उन्होंने कहा कि इससे प्रत्यारोपित किए गए पेड़ों की अधिकतम जीवित रहने की संभावना सुनिश्चित होगी। यह निर्णय दिल्ली में चल रहे पेड़ प्रत्यारोपण परियोजनाओं की स्थिति और परिणामों की समीक्षा के बाद लिया गया, जिसकी अध्यक्षता पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की। सिरसा ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा, अब तक कई एजेंसियां पेड़ों को बैकहो लोडर जेसीबी जैसी भारी मशीनों से उखाड़ती रही हैं, जिससे जड़ों को क्षति पहुंचने के साथ पेड़ों के जीवित रहने की संभावना कम हो जाती थी। उन्होंने कहा कि अब से केवल वे एजेंसियां ही चुनी जाएंगी जिनके पास तकनीकी दक्षता और ऐसी पेशेवर मशीनें हैं, जो पूर्ण विकसित पेड़ों को उनकी मिट्टी और जड़ समेत सुरक्षित निकालकर पुनः रोप सकें। उद्देश्य



स्पष्ट है-हर पेड़ को जीवित रहने का वास्तविक अवसर देना।समीक्षा बैठक के बाद वन विभाग ने ईओआई (एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट) जारी किया है, जिसके तहत योग्य एजेंसियां पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन कर सकती हैं। इसमें तकनीकी क्षमता, अनुभव और मशीनरी से जुड़े मानदंड स्पष्ट किए गए हैं ताकि दिल्ली में पेड़ प्रत्यारोपण की प्रक्रिया अधिक वैज्ञानिक और टिकाऊ बने।

सिरसा ने कहा कि दिल्ली का पर्यावरण लगातार दबाव में है- निर्माण कार्यों से लेकर शहरी विस्तार तक। हमारा संकल्प अडिग है। हम हर कमी को उतनी ही गंभीरता से दूर कर रहे हैं। यह कदम दिल्ली के ग्रीन कवर को सुरक्षित करने की दिशा में एक पर्यावरणीय सुरक्षा कवच साबित होगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में पेड़ों के प्रत्यारोपण की सफलता दर कम रही है, लेकिन अब जब तकनीकी रूप से दक्ष एजेंसियाँ और उपयुक्त उपकरण मैदान में होंगे, तो परिणाम निश्चित रूप से बेहतर होंगे। सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार की व्यापक पर्यावरणीय रणनीति का लक्ष्य राजधानी के चारों ओर एक 'हरित सुरक्षा कवच' तैयार करना है। 'धूल प्रदूषण घटाने से लेकर हरित आवरण बढ़ाने तक हमारी हर पहल का मकसद एक ही है। दिल्ली को ऐसा शहर बनाना जहां साफ हवा हो और हर मौसम में हरा-भरा रहे।

## अपोलो एथेना की 'ब्रेव' पहल ने ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन के प्रति जागरूकता बढ़ाई

एजेंसी
**नई दिल्ली।** महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर से उबरने के बाद आत्मविश्वास, गरिमा और मानसिक सशक्तिकरण को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से अपोलो एथेना विमेंस कैंसर सेंटर ने एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन अवेयरनेस (ब्रेव) वॉइस एंड एजुकेशन पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका विषय था बियॉन्ड सर्वाइवलः टुवर्डस एडिंग लाइफ टू हर इयर्स। ब्रेव, अपोलो एथेना की एक विशेष मुहिम है, जो भारत का पहला ऐसा मंच है, जो केवल ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन को समर्पित है। इसका उद्देश्य है महिलाओं के रिकवरी अनुभव को पुनर्परिभाषित करना और उनके आत्मसम्मान को बहाल करना। ब्रेव के माध्यम से दुनिया भर के विशेषज्ञ, चिकित्सक और समाजसेवी एकजुट होकर रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी को समग्र कैंसर केयर का अहम हिस्सा बना रहे



हैं। यह पहल ऑन्कोलॉजी, जेनेटिक्स, साइकोलॉजी और सर्जरी जैसे विभिन्न क्षेत्रों को जोड़कर महिलाओं को जागरूकता, विकल्प और आत्मविश्वास प्रदान करती है ताकि वे कैंसर उपचार के बाद एक पूर्ण जीवन जी सकें। ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपोलो एथेना विमेंस कैंसर सेंटर के प्लास्टिक एवं ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी विभाग के लीड डॉ. वेंकट रामकृष्णन, ने कहा, ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन तकनीकों में हाल के वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आज माइक्रोसर्जिकल रिकंस्ट्रक्शन, जिसे ब्रेस्ट हटाने की सर्जरी (मैस्टेक्टॉमी) के साथ ही किया जाता है, इसमें मरीज के अपने टिशूस (अक्सर पेट की चर्बी) का उपयोग करके नया ब्रेस्ट बनाया जाता है। यह प्रक्रिया एक तरफ के ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन के लिए सर्जरी में केवल लगभग दो घंटे अतिरिक्त जोड़ती है और जब यह अनुभवी सर्जनों द्वारा की जाती है, तो इसकी सफलता दर 99 फीसदी से भी अधिक होती है। यह अत्यंत सुरक्षित है और मरीज के जीवन या कैंसर से संबंधित किसी भी प्रकार के जोखिम का कारण नहीं बनती। यह नया बनाया गया ब्रेस्ट पूरी तरह से प्राकृतिक होता है और उम्र के साथ शरीर के अन्य हिस्सों की तरह स्वाभाविक रूप से बदलता है।

## घरेलू झगड़े में मणिपुर की महिला की चाकू घोंपकर हत्या

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के मुनिरका गांव में घरेलू विवाद में पति-पत्नी के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान पति ने पत्नी पर चाकू से हमला किया। झगड़े में पति भी गंभीर रूप से घायल हुआ। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि आरोपित का इलाज चलरहा है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले को घरेलू हिंसा से जुड़ा मामला मानते हुए जांच कर रही है।पुलिस के अनुसार 12 अक्टूबर की रात किशनगढ़ थाना पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि गली नंबर 1 मुनिरका में एक दंपत्ति के बीच झगड़ा हो रहा है। खबर मिलते ही बीट स्टाफ मौके पर पहुंचा। जहां घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। पुलिस ने जब बार-बार दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। अंदर जाकर देखा तो बाथरूम का दरवाजा भी अंदर से बंद था। पुलिस ने उसे भी तोड़ा, तो अंदर का दृश्य भयावह था। एक महिला और एक पुरुष खून से लथपथ बेहोश पड़े थे। दोनों के गले पर गहरे घाव थे। दोनों को तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि पुरुष की हालत गंभीर बनी हुई है।जांच में मृतका की पहचान थेम्पी खोंगसाई के रूप में हुई है, जो मणिपुर के सेनापति जिले की रहने वाली थी और मुनिरका में एक ब्यूटीशियन के रूप में काम करती थी।

## एमसीडी में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति के ज्यादा औषधालय खोले जाएंगे : महापौर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** आयुर्वेद में कोई ऐसा रोग नहीं है जिसका इलाज न हो। नगर निगम (एमसीडी) में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के अधिक औषधालय खोले जाएंगे। यह बातें दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए-आयुष) द्वारा भगवान धनवंतरि जयंती के उपलक्ष्य में एनडीएमसी सभागार में आयोजित 39वें वार्षिकोत्सव में कहा। समारोह का शुभारंभ दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह ने भगवान धनवंतरि की पूजा के साथ किया।

महापौर ने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि फेशियल पैरालिसिस के इलाज के लिए उन्होंने आयुर्वेद का सहारा लिया था। इस दौरान डॉ. आरएस चौहान ने भी महापौर से औषधालय बढ़ाने की मांग की, जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया, जिनमें डॉ. एमबी गौड़ (निदेशक, चौधरी ब्रह्म प्रकाश चरक संस्थान), डॉ पीके प्रजापति (निदेशक, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद), डॉ केडी पाठक, डॉ विद्यावती आदि प्रमुख रहे। धनवंतरि अवॉर्ड से डॉ भीमा भट्ट (आयुर्वेद) और प्रो.(डॉ) हकीम मो. मज़ाहिर आलम (यूनानी) इसके अलावा हरियाणा में फरीदाबाद, पानीपत, करनाल, कैथल और झज्जर के साथ ही हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत अलग-अलग राज्यों से आए चिकित्सकों को भी सम्मानित किया



को धनवंतरि अवॉर्ड देकर डॉ. पीके प्रजापति मेयर राजा इकबाल सिंह ने सम्मानित किया। इसके साथ ही सुश्रुत अवॉर्ड और चरक अवॉर्ड भी आयुर्वेद चिकित्सा में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किए गए।संस्था के संरक्षक डॉ. आरएस चौहान ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से डॉ एसपी पांडे को सम्मानित किया। गया। आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में सहयोग देने वाले प्रमुख मीडिया कर्मियों को भी स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इसमें गौरव शर्मा (आयुष मंत्रालय), अशोक किंकर, दीपक चौबे, पायल बनर्जी, अजीत सिंह, सिद्धार्थ, इल्तेज़ा उस्मानी और डॉ. फरमान अली प्रमुख रहे।

## मुख्यमंत्री ने छठ पूजा की तैयारियों के लिए समिति का किया गठन, कपिल मिश्रा अध्यक्ष नामित

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में 'छठ पूजा 2025' के आयोजन के लिए स्थानों के चयन एवं तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा को इस समिति का अध्यक्ष नामित किया गया है। यह समिति दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पूजा के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान, सुविधाओं की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, परिवहन और श्रद्धालुओं की सहूलियत से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत करेगी। समिति में चार विधायक (अभय कुमार वर्मा, चंदन कुमार चौधरी, संदीप सेहरावत, दीपक चौधरी) सदस्य के रूप में शामिल



किए गए हैं। छठ पूजा के लिए बनाई गई समिति का अध्यक्ष नामित करने पर कपिल मिश्रा ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि छठ पूजा ना केवल पूर्वांचल बल्कि दिल्ली की भी सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने कहा कि यह हमारी सामूहिक आस्था और एकता का प्रतीक भी है लेकिन जानबूझकर पिछली सरकारों ने लाखों-करोड़ों लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया। इस बार दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में पूजा करने का अवसर मिले। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, रोशनी और चिकित्सा सुविधाएं सर्वोत्तम स्तर पर हों।

## मंत्री इंद्राज ने दिए पॉकेट्स और क्लस्टर्स को नशा मुक्त करने के निर्देश

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली जिले में नशामुक्ति अभियान की प्रगति और रणनीति को लेकर एक महत्वपूर्ण उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने दिल्ली पुलिस और ड्रग्स कंट्रोल विभाग को अन्य विभागों के सहयोग से नशे से प्रभावित पॉकेट्स और क्लस्टर्स को नशा मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे एरिया पूरी दिल्ली के लिए मॉडल बनेंगे। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि वह ऐसे क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण करेंगे। रविंद्र इंद्राज ने निर्देश दिए कि दिल्ली पुलिस, नशे से प्रभावित पॉकेट्स और क्लस्टर्स में नशे की बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। पुलिस विभाग नशे के हॉटस्पॉट क्षेत्रों में बीट अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करे। साथ ही चयनित डार्क स्पॉट्स की सूची साझा करे और वहां सघन निगरानी करे। उन्होंने कहा कि समाज कल्याण विभाग नशे की रोकथाम के लिए पुलिस-प्रशासन, वालन्टियर्स और एनजीओ के साथ मिलकर व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए। यूथ आइकन और अभिभावकों के सहयोग से युवाओं गंभीर प्रयास करें। शैक्षणिक संस्थान अपने परिसरों में 'नशा मुक्ति क्लब' बनाएं और 'ड्रग फ्री कैंपस' घोषित करें। समाज कल्याण मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे 'नशामुक्त भारत अभियान'



और किशोरों को नशे से दूर रखने के प्रयास करे।रविंद्र इंद्राज ने छात्रों को नशे से बचाने हेतु स्कूल-कॉलेज परिसरों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने और इसकी सख्ती से निगरानी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय प्रशासन इसे लेकर के अंतर्गत दिल्ली को नशामुक्त बनाने और पुनर्वास सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय बनाकर काम करने और 'ड्रग फ्री दिल्ली-ड्रग फ्री भारत' लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में विकसित दिल्ली संकल्प को पूरा करने के लिए नशा मुक्त दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है।

## मंत्री आशीष सूद ने जनकपुरी में तीन करोड़ के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

एजेंसी
**नई दिल्ली।**दिल्ली के शिक्षा मंत्री एवं स्थानीय विधायक आशीष सूद ने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से कई प्रमुख कार्यों का शुभारंभ किया। इसमें सीतापुरी में पुरानी सीवर लाइन का प्रतिस्थापन, महावीर एन्क्लेव में सीवर लाइन बदलने का काम, जीवन पार्क क्षेत्र में नई एचडीपीई पानी की लाइन बिछाने का कार्य, उत्तर नगर में पुरानी पानी की लाइन बदलने का कार्य, दयाल सर रोड से शुक्र बाजार तक सीवर सुधार कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सूद ने कहा कि रेखा सरकार के नेतृत्व में दिल्ली में जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। जनकपुरी में आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाना हमारी प्रतिबद्धता है ताकि हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर जीवन सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि पिछले करीब दस वर्षों से जनकपुरी विधानसभा में रखरखाव के नाम पर सीवर और पानी की लाइनों पर कोई काम नहीं हुआ था, लेकिन अब हमारी सरकार जनता को स्वच्छ पानी और बेहतर सीवर व्यवस्था देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सूद ने कहा कि जनकपुरी में पिछले 27 वर्षों में विशेष रूप से पिछले एक दशक में विकास और जन-सुविधाओं के क्षेत्र में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पिछली सरकार के कार्यालय में जनकपुरी उपेक्षा का शिकार रहा है। हमें विरासत में टूटी सड़कें, जर्जर सीवर लाइन, पीने के पानी किल्लत, बिजली की अनियमितता और अव्यवस्थित तारों का जाल मिला, लेकिन हमारी सरकार दोषारोपण में विश्वास नहीं करती। हमारा ध्यान केवल समस्याओं के समाधान पर है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व दिल्ली के सभी क्षेत्रों में विकास के कई स्तरों पर काम किया जा रहा है। इसके साथ ही मंत्री ने उत्तम नगर, बाल उद्यान रोड पर मोबाइल वैन में बैठ कर लोगों की समस्याओं को सुन कर उनको रजिस्टर में लिखा। उन्होंने कह कि सभी क्षेत्रीय समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के निवासी जो विधायक कार्यालय आने में असमर्थ हैं, उनके लिए यह मोबाइल वैन उनके दरवाजे पर भेजने की भी व्यवस्था की गई है।

# धरती का स्वर्ग है 'मुन्नार'







आप प्राकृतिक की गोद में अपना समय बिताना चाहते हैं तो हिल स्टेशन से बढ़िया कोई और जगह नहीं है। भारत में लोगों के बीच हिल स्टेशन का क्रेज जबरदस्त है। मौसम कोई सा भी हो लोग हिल स्टेशन जाना नहीं भूलते। तो देर किस बात की चलिए चलते केरल की खूबसूरत जगह मुन्नार।

मुन्नार केरल का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है। दूर-दूर तक फैले खूबसूरत चाय के बागान, हरी-भरी घाटियां, सुहाना मौसम, ऊंची-ऊंची चोटियां, अभयारण्य, प्राकृतिक खुशबू से भरी हवा के अलावा बाकी वह सब कुछ है जिसे देखने के बाद आपको शांति और सुकून ही मिलेगा।

मुन्नार की खूबसूरती को देखकर ऐसा लगता है, जैसे कि यह धरती का स्वर्ग है। मुन्नार की सुन्दरता इतनी अधिक है कि इसे ईश्वर का देश भी कहा जाता है। ऐसा लगता है मानो कि हम किसी ईश्वर की भूमि पर उतर आए। आपको यहा आने के बाद जाने का बिलकुल ही मन नहीं करेगा। यहां की झीलें और घने जंगल इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देते हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान अंग्रेजो के लिए मुन्नार दक्षिणी भारत का गर्मियों का रिजॉर्ट हुआ करता था।

वनों की विलक्षण वनस्पति तथा हरे घास के मैदानों के बीच यहां नीलकुरंजी नामक फूल पाया जाता है।

हरे घास के मैदानों में नीलकुरंजी फूल पूरी पहाड़ी को नीला कर देता है। यह फूल बारह वर्षो में केवल एक बार ही खिलता है। जब यह फूल खिलता है तो इसकी सुंदरता देखते ही बनती है।

मुन्नार में देखने लायक जगह हैं आनामुड़ी शिखर, राजमाला, चितीरापुरम, इकोपाइंट और मट्टुपेटी बांध। मुन्नार की खूबसूरती पोतैमेदु में है, जो एक महत्त्वपूर्ण चाय बागान है।

**मुन्नार में रोमांच**

अगर आप रोमांचक खेल के शौकीन हैं तो मुन्नार में आपके लिए बहुत कुछ है। जैसे ट्रैकिंग, पारा ग्लाइडिंग, रोप क्लाइबिंग बोटिंग और हाइकिंग। वैसे तो आप पूरे साल मुन्नार जा सकते हैं लेकिन यदि आपको इसकी खूबसूरती देखनी है तो दिसंबर और जनवरी का महीना सही माना जाता है।

**कैसे पहुंचे**

मुन्नार पहुंचने के लिए आप हवाई मार्ग, रेल मार्ग या सड़क मार्ग तीनों का इस्तेमाल कर सकते हैं। कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा मुन्नार के लिए सबसे नजदीकी हवाई अड्डा है।

नजदीकी रेलवे स्टेशन तमिलनाडु का थेनी है जो मुन्नार से 60 किलोमीटर की दूरी पर है।

# प्रकृति प्रेमियों के लिए आदर्श पर्यटन स्थल है जाइरो







भारत का पूर्वोत्तर राज्य अपनी प्राकृतिक सुंदरता और बदलते मौसम की वजह से पूरे विश्वभर में अपनी पहचान रखता है। यहां की कला और हस्तशिल्प की भव्यय विरासत तथा रंग बिरंगे त्यौहार प्रकृति की अपार शक्ति में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। ऐसी ही एक जगह है अरुणाचल प्रदेश में समुद्री तल से 5754 फीट ( 1,780 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित जाइरो/जिरो, जो अपने सांस्कृसतिक विरासत और मनमोहक दृश्य के लिए जाना जाता है। अपनी खूबसूरती की वजह से ही यह कस्बा यूनेस्को के विश्व विरासत स्थलों में नामांकित भी हुआ है।





अरूणाचल प्रदेश के सबसे प्रचीन शहरों में से एक, जाइरो एक छोटा सा हिल स्टेशन है जो पाइन के पेड़ों से भरी पहाड़ियों से घिरा हुआ है। पूरे क्षेत्र में फैले घने जंगल ही आदिवासी लोगों के घर हैं। यह क्षेत्र अपनी धान की खेतों की वजह से भी काफी लोकप्रिय है। जाइरो पौधों और जन्तुओं के मामले में काफी धनी है तथा अपनी विविधता की वजह से प्रकृति प्रमियों के लिए आदर्श स्थान बनी हुई है।

जाइरो में आदिवासी लोगों का प्रकति से इतना अधिक लगाव है कि वह प्रकृति को भगवान की तरह पूजते हैं और खुद को इससे जुड़ा हुआ पाते हैं। वहां के लोग खेतो के अलावा हस्तशिल्प तथा हैन्डलूम उत्पादों को बनाकर अपना जीवनयापन करते हैं। अन्य आदिवासी लोगों से अलग अपा टनी के लोग जाइरो क्षेत्र के स्थाई निवासी हैं। अपा टनी द्वारा मनाए जाने वाले कई पर्व हैं जिनमें मार्च में मनाया जाने वाला म्योको त्यौहार, जनवरी में मनाया जाने वाला मुरुंग त्यौहार और जुलाई का द्री त्यौहार प्रमुख हैं। अगर आप जाइरो जाने की योजना बना रहे हैं तो आप हरी-भरी शांन्त टैली घाटी, 5000 हजार साल पुरानी मेघना गुफा मंदिर जा सकते हैं। यही नहीं खूबसूरत पक्षियों और सूर्योदय के खूबसूरत दृश्य देखना है तो आप किले पाखो भी जा सकते हैं। यह यहां का लोकप्रिय पर्यटन स्थल है।

> अरुणाचल प्रदेश के सबसे प्रचीन शहरों में से एक, जाइरो एक छोटा सा हिल स्टेशन है जो पाइन के पेड़ों से भरी पहाड़ियों से घिरा हुआ है। पूरे क्षेत्र में फैले घने जंगल ही आदिवासी लोगों के घर हैं।

**जाइरो के अन्य पर्यटक स्थल**

**जीरो पूटु**

इसे आर्मी पूटु के नाम से भी जाना जाता है। आजादी के बाद यहां पर अरूणाचल प्रदेश के पहले प्रशासनिक केन्द्र की स्थापना की गई थी। इसके बाद छठे दशक में यहां पर सेना के कैम्प का निर्माण भी किया गया। पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से खूबसूरत दृश्य भी देखे जा सकते हैं।

**डोलो मांडो**

हपोली से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित डोलो-मांडो डोलो और मांडो के प्रेम-संबंध के लिए प्रसिद्ध है। यहां से जाइरो और हपोली शहर के खूबसूरत दृश्य देखे जा सकते हैं।

**तारीन मछली फार्म**

पर्यटकों के लिए पसंदीदा जगहों में से एक 'मछली फार्म' हपोली से 3।5 किमी। की दूरी पर स्थित है। यह बहुत ही खूबसूरत जगह है। यहां आने वाले पर्यटक अनेक प्रजातियों की खूबसूरत मछिलयों को देख सकते हैं।

**जाइरो का मौसम**

जाइरो की जलवायु मौसम के अनुसार बदलती रहती है। वैसे तो पर्यटक पूरे साल भर जाइरो जाते हैं लेकिन यदि आपको वहां के मनमोहक दृश्य को देखना है अक्टूबर तथा नवम्बर का महीना आपके लिए सही रहेगा।

# अतीत की कई कहानियों को बयां करती है यह जगह







उत्तरी मध्य प्रदेश में बेतवा नदी के किनारे बसा ओरछा अपने भव्य मंदिरों, महलों और किलों के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध है। झांसी से मात्र 16 किमी. की दूरी पर स्थित यह जगह अतीत की कई कहानियों को बयां करती है। हरा-भरा और पहाड़ियों से घिरा ओरछा राजा बीरसिंह देव के काल में बुंदेलखण्ड की राजधानी हुआ करता था।

**इतिहास**

परिहार राजाओं के बाद ओरछा चन्देलों और फिर बुंदेलों के अधिकार में रहा। हालांकि चन्देल राजाओं के पराभव के बाद ओरछा श्रीहीन हो गया, लेकिन जब बुंदेलों का शासन आया तो ओरछा ने पुनः अपना गौरव प्राप्त किया। बुंदेला राजा रुद्रप्रताप ने 1531 ई. में नए सिरे से इस नगर की स्थापना की। उन्होंने नगर में मंदिर महल और किले का निर्माण करवाया। यही नहीं, उनके बाद के राजाओं ने भी सौंदर्य से परिपूर्ण कलात्मक इमारतें और भवन बनवाए।

**मुगल शासन में ओरछा**

मुगल शासक अकबर के समय यहां के राजा मधुकर शाह थे जिनके साथ मुगल सम्राट ने कई युद्ध किए थे। जहांगीर ने वीरसिंहदेव बुंदेला को, जो ओरछा राज्य की बड़ौनी जागीर के स्वामी थे, पूरे ओरछा राज्य की गद्दी दी थी। इसके बदले में वीरसिंहदेव ने जहांगीर के कहने से अकबर के शासन काल में अकबर के विद्वान दरबारी अबुलफजल की हत्या करवा दी थी। वहीं जब शाहजहां का शासन काल आया तो मुगलों ने बुन्देलों से कई असफल लड़ाइयां लड़ीं। किंतु अंत में जुझार सिंह को ओरछा का राजा स्वीकार कर लिया गया।

**ओरछा की सुंदरता**

ओरछा की विरासत यहां की इमारतों में कैद है। आप महल, किले, पवित्र भव्य मंदिर तथा बुंदेलखण्ड के संस्कृति से जुड़ी प्रतिमा और चित्रकला को देखकर अपने कैमरे में कैद किए बिना रह नहीं सकते। मंदिरों और किलों की खूबसूरती का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि इनकी चमक आज भी बरकरार है।

**क्या देखें**

राज महल-ओरछा के सबसे प्राचीन स्मारकों में से एक 'राजमहल' को 17वीं शताब्दी में मधुकर शाह ने बनवाया था। चतुर्भुज आकार का यह महल अपनी शिल्प कला तथा भित्तिचित्रों के लिए प्रसिद्ध है।

जहांगीर महल- बुन्देलों और मुगल शासक जहांगीर की दोस्ती की निशानी है जहांगीर महल। जहांगीर महल के प्रवेश द्वार पर दो झुके हुए हाथी बने हुए हैं जो अपने आप में वास्तुकला का बेहतरीन नमूना है।

चतुर्भुज मंदिर- कमल की आकृति और अन्य आकृतियों से परिपूर्ण यह मंदिर चार भुजाधारी भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण 1558 से 1573 के बीच राजा मधुकर ने करवाया था। अपने समय की यह उत्कृष्ट रचना यूरोपीय कैथोड्रल से समान है।

लक्ष्मीनारायण मंदिर- 622 ई. में बीरसिंह देव द्वारा बनवाया गया यह मंदिर ओरछा गांव के पश्चिम में एक पहाड़ी पर बना है। मंदिर में सत्रहवीं और उन्नीसवीं शताब्दी के चित्र बने हुए हैं, जो तब के इतिहास को बयां कर रहे हैं। चित्रों के चटकीले रंग इतने जीवंत लगते हैं कि देखकर आपको लगेगा कि यह हाल-फिलहाल में बने हैं।

> मुगल शासक अकबर के समय यहां के राजा मधुकर शाह थे जिनके साथ मुगल सम्राट ने कई युद्ध किए थे। जहांगीर ने वीरसिंहदेव बुंदेला को, जो ओरछा राज्य की बड़ौनी जागीर के स्वामी थे, पूरे ओरछा राज्य की गद्दी दी थी।

फूलबाग-मंदिर और महलों के अलावा आप ओरछा में बुन्देल राजाओं द्वारा बनवाया गया फूलों का बगीचा भी देख सकते हैं। पालकी महल के निकट स्थित यह बाग बुन्देल राजाओं का आरामगाह था। वर्तमान में यह पिकनिक स्थल बना हुआ है।

**कैसे पहुंच**

ओरछा का नजदीकी हवाई अड्डा खजुराहो है जो 163 किमी. की दूरी पर है। खजुराहो से आप टैक्सी, ऑटो के जरिए ओरछा पहुंच सकते हैं। अगर आप ट्रेन के जरिए ओरछा पहुंचना चाहते हैं तो झांसी ओरछा का नजदीकी रेलवे स्टेशन है। दिल्ली, आगरा, भोपाल, मुंबई, ग्वालियर आदि प्रमुख शहरों से झांसी के लिए काफी संख्या में ट्रेने हैं।

## सरकार ने सामाजिक सुरक्षा का दायरा बढ़ाने के लिए कर्मचारी नामांकन अभियान शुरू किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रम और रोजगार मंत्रालय ने 'कर्मचारी नामांकन अभियान' (ईईसी 2025) शुरु किया। यह पहल सेवानिवृत्ति निधि का प्रबंधन करने वाले निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के जरिए श्रमिकों को संगठित सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए की गई है।श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के मुताबिक यह योजना एक नवंबर से 30 अप्रैल, 2026 तक लागू रहेगी। यह अभियान सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत कर्मचारियों के नामांकन को बढ़ावा देने और नियोक्ताओं को पिछले रिकॉर्ड को नियमित करने में मदद करने के लिए है। मंत्रालय ने कहा कि 2009 से 2016 तक छूटे हुए पात्र कर्मचारियों के नामांकन के लिए 2017 में इसी तरह का नामांकन अभियान चलाया गया था। मौजूदा अभियान उसी कड़ी में अगला कदम है। इस अभियान का मकसद नियोक्ताओं को स्वेच्छा से पात्र कर्मचारियों की घोषणा और नामांकन के लिए प्रोत्साहित करना है। मंत्रालय के मुताबिक नियोक्ता उन सभी मौजूदा कर्मचारियों का नामांकन कर सकते हैं, जो एक जुलाई, 2017 और 31 अक्टूबर के बीच प्रतिष्ठान में शामिल हुए हैं, लेकिन किसी वजह से पहले ईपीएफ योजना में नामांकित नहीं थे। इसके तहत एक बड़ी राहत के रूप में पिछली अवधि (एक जुलाई, 2017 से 31 अक्टूबर तक) के लिए कर्मचारी के भविष्य निधि अंशदान का हिस्सा को माफ कर दिया जाएगा।

## भारतीय दल प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के लिए फिर इस हफ्ते जाएगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार वार्ता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा पर जाएगा। दोनों पक्ष इस समझौते की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर अमेरिका के साथ बातचीत अच्छी तरह आगे बढ़ रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारत और अमेरिका के बीच आगामी बातचीत एक प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर केंद्रित है। एक रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि दोनों पक्ष समझौते के पहले भाग के लिए शरद ऋतु की समय-सीमा पर विचार कर सकते हैं। हाल के महीनों में भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताएं प्रगति और गतिरोध के बीच झूलती रही हैं। टैरिफ तनाव के कारण उत्पन्न अंतराल के बाद सितंबर में दोनों पक्षों ने आमने-सामने बातचीत फिर से शुरू की। उल्लेखनीय है कि सभी की निगाहें उस समय-सीमा पर हैं, जो दोनों पक्षों ने मोटे तौर पर नवंबर के लिए डेडलाइन तय की है। इस वर्ष फरवरी में दोनों देशों के नेताओं ने अधिकारियों को प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर वार्ता करने का निर्देश दिया था।

## एन. चंद्रशेखरन का कार्यकाल बढ़ा, टाटा संस का 2032 तक करेंगे नेतृत्व

**नई दिल्ली।** टाटा समूह में विवाद के बीच एन. चंद्रशेखरन का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है। अब 2032 तक वे टाटा संस के चेयरमैन रहेंगे। जो चंद्रशेखरन 1987 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) टीसीएस में इंटर्न थे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि टाटा ट्रस्ट ने समूह की पारंपरिक सेवानिवृत्ति नीति को तोड़ते हुए पहली बार टाटा संस के अध्यक्ष के रूप में एन. चंद्रशेखरन का तीसरा कार्यकाल 2032 तक बढ़ाने को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है। इस विस्तार के बाद वे 70 वर्ष की आयु तक इस पद पर बने रहेंगे। उनका वर्तमान कार्यकाल फरवरी, 2027 में समाप्त हो रहा है। उल्लेखनीय है कि तीसरे कार्यकारी कार्यकाल को मंजूरी मिलने से टाटा समूह की लंबे समय से चली आ रही सेवानिवृत्ति नीति में बदलाव आया है। यह पहली बार है, जब कोई अध्यक्ष सेवानिवृत्ति की आयु के बाद भी पूर्ण कार्यकारी पद पर बना रह सकता है।

## दिवाली के मौके पर 21 और 22 अक्टूबर को बंद रहेगा स्टॉक मार्केट

**नई दिल्ली।** हर साल की तरह इस साल भी दिवाली, लक्ष्मी पूजन और दिवाली बलि प्रतिप्रदा के अवसर पर घरेलू शेयर बाजार में 2 दिन की छुट्टी रहेगी। इस छुट्टी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर ट्रेडिंग नहीं होगी। 21 अक्टूबर को शेयर बाजार में दिवाली, लक्ष्मी पूजन की छुट्टी रहेगी, जबकि 22 अक्टूबर को दिवाली बलि प्रतिपदा की छुट्टी रहेगी। हालांकि दिवाली के दिन यानी 21 अक्टूबर को मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए कुछ देर के लिए शेयर बाजार ओपन होगा। मुहूर्त ट्रेडिंग के लिए 21 अक्टूबर को बीएसई और एनएसई दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक 1 घंटे के लिए खुलेगा। स्टॉक एक्सचेंज की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार 21 और 22 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में इक्विटी सेगमेंट, सिक्योरिटीज लेंडिंग एंड बॉरोइंग (एसएलबी) सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट, करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट, नेगोशिएट डीलिंग सिस्टम रीस्टोर (एमडीएस-आरएसटी), कमोडिटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट, ट्राई पार्टी रेपो और इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट्स (ईजीआर) में ट्रेडिंग हॉलीडे रहेगा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में भी इन दोनों तारीखों पर इक्विटीज, इक्विटी डेरिवेटिव्स, कमोडिटीज डेरिवेटिव्स, कॉरपोरेट बॉन्ड्स, न्यू डेट सेगमेंट्स, निगोशिएटेड ट्रेड रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म, म्यूचुअल फंड्स, सिक्योरिटी लेंडिंग एंड बॉरोइंग स्कीम्स, करेंसी डेरिवेटिव्स और इंट्रेस्ट रेट डेरिवेटिव्स जैसे सभी सेगमेंट्स में छुट्टी रहेगी।

# अफगान विदेश मंत्री ने भारतीय उद्योग जगत को किया आश्वस्त, आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए माहौल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और उनके साथ भारत आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक का आयोजन किया। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने भारतीय उद्योग जगत को आश्वासन दिया कि अफगानिस्तान में आवश्यक शांति और सौहार्द स्थापित हो गया है और दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। अफगान विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि द्विपक्षीय व्यापार पहले ही 1 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। जहां कई भारतीय कंपनियां विभिन्न परियोजनाओं में अपना परिचालन फिर से शुरू कर चुकी हैं, वहीं




अफगानिस्तान द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के लिए भारत के सहयोग को बढ़ाने की पूरी कोशिश कर रहा है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, बुनियादी ढांचा, रसद, विमानन, शिक्षा, कृषि और बैंकिंग पर जोर दिया। उन्होंने इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए फिक्की और अफगान चैंबर की भूमिका पर भी जोर दिया। केईसी, मैक्स अस्पताल सहित कई भारतीय कंपनियों ने अपना परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। इसी तरह, एमिटी विश्वविद्यालय भी कई अफगान छात्रों का समर्थन कर रहा है और एक सहयोगात्मक परिसर बनाने की गहरी इच्छा व्यक्त की है।

भारतीय उद्योग प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि वीजा एक गंभीर समस्या बनी हुई है और दोनों पक्षों के व्यापारियों की सुगम आवाजाही के लिए इसे तुरंत हल करने की आवश्यकता है। अफगानिस्तान में भारतीय कंपनियों द्वारा परियोजनाओं को पूरा करने में देरी से बचने के लिए दोनों देशों के बीच माल की आवाजाही सहित रसद व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है। भारतीय उद्योग अफगानिस्तान के साथ हर संभव तरीके से जुड़ने के लिए उत्सुक है, और अफगान मंत्री ने आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाने और बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद से मिले पीयूष गोयल, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। अनीता इस समय दो दिवसीय भारत दौरे पर हैं। 2023 के बाद किसी भी कनाडाई मंत्री का यह पहला भारत दौरा है। वाणिज्य भवन में कनाडा के विदेश मंत्री अनीता आनंद का स्वागत किया। गोयल ने आगे लिखा है, दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जानकर प्रसन्नता हुई। वाणिज्?य मंत्री ने बताया कि हमारी चर्चा ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग के क्षेत्रों की खोज



पर केंद्रित रही। साथ ही, विश्वास और सम्मान पर आधारित पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों को पुनर्जीवित करने के लिए भारत की तत्परता को दोहराया गया। इससे पहले कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की।

# ईपीएफओ सदस्य अब पीएफ खाते से निकाल सकते हैं 100 प्रतिशत पैसा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दीवाली से पहले एक बड़ी खबर में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने हुई बैठक में फैसला लिया कि पीएफ खाते में मौजूद 'पात्र राशि' का 100 प्रतिशत हिस्सा, जिसमें कर्मचारी और नियोक्ता का हिस्सा शामिल है, निकाला जा सकता है। यह निर्णय राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की 238वीं बैठक में लिया गया। इस कदम से सात करोड़ से ज्यादा अंशधारकों को मदद मिलेगी और उन्हें ईपीएफ से 100 प्रतिशत तक निकासी की अनुमति मिलेगी। पहले, पूरी निकासी केवल बेरोजगारी या सेवानिवृत्ति की स्थिति में ही की जा सकती थी। किसी सदस्य को बेरोजगारी के एक महीने बाद पीएफ शेष राशि का 75 प्रतिशत और दो महीने बाद शेष 25 प्रतिशत निकालने की अनुमति थी। हालांकि, सेवानिवृत्ति पर बिना किसी सीमा के पूरी राशि निकालने की अनुमति थी। श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता वाले सीबीटी ने अपनी बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। भूमि खरीद, नए घर की खरीद या निर्माण या ईएमआई भुगतान के लिए आंशिक निकासी के मामले में, ईपीएफ सदस्यों को अपने ईपीएफ




खाते में जमा राशि का 90 प्रतिशत तक निकालने की अनुमति थी। उल्लेखनीय है कि ईपीएफ सदस्यों के जीवन को सुगम बनाने के लिए, सीबीटी ने ईपीएफ योजना के आंशिक निकासी प्रावधानों को सरल बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए 13 जटिल प्रावधानों को एक एकल, सुव्यवस्थित नियम में समाहित किया गया है, जिसे तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है: आवश्यक आवश्यकताएं (बीमारी, शिक्षा, विवाह), आवास आवश्यकताएं और विशेष परिस्थितियां। ईपीएफओ ने निकासी की सीमा को भी उदार बनाने का निर्णय लिया है। शिक्षा के लिए 10 बार और विवाह के लिए 5 बार तक निकासी की अनुमति है (विवाह और शिक्षा के लिए कुल 3 आंशिक निकासी की मौजूदा सीमा से)। साथ ही, सभी आंशिक निकासी के लिए न्यूनतम सेवा अवधि की आवश्यकता को समान रूप से घटाकर केवल 12 महीने कर दिया गया है।

# चांदी की कीमतें 52.50 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंची

एजेंसी

**मुंबई ।** चांदी की कीमतें मंगलवार को 52.50 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। लंदन में ऐतिहासिक शॉर्ट स्क्वीज और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच सुरक्षित निवेश परिसंपत्तियों की मजबूत मांग के कारण चांदी की कीमत में वृद्धि दर्ज की गई। लंदन में हाजिर चांदी 0.4 प्रतिशत बढ़कर 52.58 डॉलर प्रति औंस हो गई, जिसने जनवरी 1980 में अरबपति हंट ब्रदर्स द्वारा बाजार पर कब्जा करने की कोशिश के पिछले रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के कारण सोने की कीमतें भी लगातार आठ हफ्तों की बढ़त के साथ एक नए रिकॉर्ड पर पहुंच गईं।

चांदी में यह तेजी लंदन के बाजार में लिक्विडिटी को लेकर चिंताओं के बीच आई है, जिससे दुनिया भर में इस धातु को सुरक्षित करने की होड़ मच गई है। लंदन में कीमतें न्यूयॉर्क की तुलना में रेयर प्रीमियम पर कारोबार कर रही हैं, जिससे व्यापारी उच्च कीमतों का लाभ उठाने के लिए अटलांटिक पार चांदी की छड़ें भेज रहे हैं, जो आमतौर पर सोने के लिए एक महंगा कदम होता है। प्रीमियम लगभग 1.55 डॉलर प्रति औंस रहा, जो पिछले सप्ताह 3 डॉलर से



कम था। इस दबाव को बढ़ाते हुए, लंदन में चांदी की लीज दरें पिछले शुक्रवार को एक महीने के कॉन्ट्रैक्ट के लिए 30 प्रतिशत से ऊपर बढ़ गईं, जिससे व्यापारियों के लिए शॉर्ट पोजीशन बनाए रखना महंगा हो गया। हाल के हफ्तों में भारत से भारी मांग के कारण उपलब्ध सप्लाई में कमी आई, क्योंकि अमेरिकी टैरिफ की आशंकाओं के बीच न्यूयॉर्क को शिपमेंट पहले ही हो गए थे। विशेषज्ञों ने कहा कि सोने और चांदी दोनों में हालिया उछाल बाजार में बढ़ती अनिश्चितता को दर्शाता है। भू-राजनीतिक तनाव, ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों और केंद्रीय बैंकों व निवेशकों की जोरदार खरीदारी के कारण सोने की कीमतें इस वर्ष लगभग 60 प्रतिशत बढ़कर पहली बार 4,100 डॉलर के स्तर को पार कर गई हैं। मुद्रास्फीति और खुदरा बिक्री जैसे प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़े इस सप्ताह के अंत में आने वाले हैं, लेकिन विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि अगर गवर्नमेंट शटडाउन जारी रहा, तो इन रिपोर्टों के जारी होने में देरी हो सकती है, जिनमें रोज़गार के आंकड़े भी शामिल हैं।

# पीएम गति शक्ति से लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी, भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी : गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत के बुनियादी ढांचे में बदलाव एवं लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार के महत्वाकांक्षी पीएम गति शक्ति मिशन ने सभी क्षेत्रों में स्पष्ट प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित पीएम गति शक्ति की चौथी वर्षगांठ पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि लॉजिस्टिक्स लागत, जो लंबे समय से भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए एक चुनौती रही है, अब कम हो रही है। गोयल ने कहा, हाल ही में एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें दिखाया गया था कि लॉजिस्टिक्स लागत में काफी कमी




आने लगी है, खासकर अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी में सुधार के साथ। उन्होंने बताया कि पहले उद्योगों को ट्रक से रेल तक सामग्री के कई बार स्थानांतरण का सामना करना पड़ता था, जिससे अकुशलता और नुकसान होता था। उन्होंने बताया कि खनन और बिजली संयंत्र स्थलों पर सीधी रेलवे साइडिंग बनाने से इस तरह की बर्बादी में काफी कमी आई है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि चार साल पहले शुरू हुए पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान ने अब तक एक लंबा सफर तय किया है। आज इसने भारत के बुनियादी ढांचे की योजना और विकास के तरीके को बदल दिया है और अधिक स्मार्ट, तेज़ और टिकाऊ विकास की ठोस नींव रखी है। इस उपलब्धि को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम में कई प्रमुख पहलों का शुभारंभ किया गया, जिनमें एकीकृत भू-स्थानिक इंटरफ़ेस के माध्यम से जनता के लिए पीएम गतिशक्ति, पीएम गतिशक्ति-अपतटीय, सभी 112 आकांक्षी जिलों के लिए जिला मास्टर प्लान और LEAPS, 2025 पुरस्कार शामिल हैं। -एनएमपी डैशबोर्ड, जो ऑनबोर्ड किए गए डेटा स्तरों, पंजीकृत उपयोगकर्ताओं, नियोजित परियोजनाओं और रिपोर्ट की गई समस्याओं के बारे में जानकारी प्रदान करेगा।

## सितंबर में खुदरा महंगाई दर घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 फीसदी पर आई

एजेंसी

**स्टॉकहोम।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.54 फीसदी पर आ गई है, जो पिछले महीने अगस्त में 2.07 फीसदी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी आंकड़ों में बताया कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर में यह गिरावट मुख्य रूप से सब्जियों और दालों सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के कारण है। सितंबर, 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक सब्जियों और दालों के सस्ते होने से खुदरा महंगाई दर में दर्ज हुई है। सितंबर महीने के



दौरान सालाना आधार पर खाद्य महंगाई -2.28 फीसदी रही है, जबकि अगस्त में यह -0.64 फीसदी और पिछले वर्ष सितंबर में यह 9.24 फीसदी रही थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आरबीआई ने अक्टूबर की द्विमासिक मौद्रिक नीति में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने खुदरा महंगाई दर यानी मुद्रास्फीति अनुमान को अगस्त में अनुमानित 3.1 फीसदी से घटाकर 2.6 फीसदी कर दिया था।

# गुजरात के मेहसाणा में अंतरराष्ट्रीय बायर-सेलर मीट से 500 करोड़ की निर्यात संभावनाओं को मिला नया आयाम

एजेंसी

**गांधीनगर।** गुजरात के मेहसाणा में उत्तर गुजरात के भाग रूप में हुए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस(वीजीआरसी) में अंतरराष्ट्रीय बायर-सेलर मीट से 500 करोड़ की निर्यात संभावनाओं को नया आयाम मिला। यह जानकारी भारतीय निर्यात संगठन महासंघ ने अपने बयान में दी। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ(एफआईईओ) ने आज अपने बयान में बताया कि उद्योग प्रतिनिधियों की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम को शानदार प्रतिसाद मिला। इस आयोजन में कुल 17 देशों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख देश अमेरिका, जर्मनी, रूस, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम, मिस्र, इथियोपिया, घाना, तंजानिया, युगांडा, भूटान, ओमान, बहरीन, नेपाल, उज्बेकिस्तान, यूक्रेन और बोत्सवाना शामिल थे। महासंघ ने बताया कि कार्यक्रम में 40 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और गुजरात सहित भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 850 से अधिक स्थानीय विक्रेताओं ने भाग लिया। दो दिनों में कुल 2,200 से अधिक व्यावसायिक बैठकों का आयोजन किया गया और 350 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयूएस) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अंतरराष्ट्रीय मीट के परिणामस्वरूप



लगभग 500 करोड़ से अधिक की एक्सपोर्ट एन्क्वारीज़ प्राप्त हुई, जिससे गुजरात की निर्यात संभावनाओं को नया प्रोत्साहन मिला। विदेश व्यापार महानिदेशालय(डीजीएफटी) अजय भादू (आइएएस) और गुजरात सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) आयुक्त संदीप जे. सागले ने बायर-सेलर मीट में उपस्थित होकर खरीदारों और विक्रेताओं दोनों से संवाद किया और वैश्विक व्यापारिक संबंधों को गति देने तथा गुजरात की निर्यात क्षमता को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना की। एफआईईओ के अध्यक्ष एस. सी. राल्हा ने बताया कि दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय बायर-सेलर मीट में वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स, रसायन, कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे प्रमुख क्षेत्र केंद्र में रहे। यह आयोजन वैश्विक व्यापारिक संपर्कों को बढ़ाने और आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम साबित हुआ। साथ ही, इसने गुजरात को एक अग्रणी निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गौरतलब है कि भारतीय निर्यात संगठन महासंघ और गुजरात सरकार द्वारा विश्व बैंक के आईएएमपी प्रोजेक्ट के तहत 9-10 अक्टूबर 2025 को गणपत विश्वविद्यालय गुजरात सरकार के एमएसएमई विभाग और आईएनडीईएक्सटीपी के सहयोग से एक अंतरराष्ट्रीय बायर-सेलर मीट वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस (वीजीआरसी) का आयोजन किया गया था।

## ईपीएफओ से अब 100 फीसदी तक की निकासी कर सकेंगे सदस्य, न्यासी मंडल ने दी मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने सात करोड़ से अधिक सदस्यों को आंशिक निकासी के नियमों में बड़ी छूट देते हुए 100 फीसदी तक निकासी करने को मंजूरी दे दी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने आज एक बयान में बताया कि केंद्रीय न्यासी मंडल (सीबीटी), ईपीएफ की 238वीं बैठक में यह फैसला किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने की। बैठक में सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ के बोर्ड ने अपने 7 करोड़ से अधिक अंशधारकों के लिए आंशिक निकासी की उदार व्यवस्था को मंजूरी दे दी, जिससे ईपीएफ से 100 फीसदी तक निकासी की अनुमति मिल गई।

श्रम मंत्रालय ने बताया कि श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में ईपीएफओ के सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकाय, केंद्रीय न्यासी बोर्ड




(सीबीटी) ने अपनी बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए है। मंत्रालय के मुताबिक सीबीटी ने ईपीएफ सदस्यों के जीवन को आसान बनाने के लिए 13 जटिल प्रावधानों को एक एकल, सुव्यवस्थित नियम में विलय करके ईपीएफ योजना के आंशिक निकासी प्रावधानों को सरल बनाने का निर्णय लिया, जिसे तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है, अर्थात् आवश्यक आवश्यकताएं (बीमारी, शिक्षा, विवाह), आवास आवश्यकताएं और विशेष परिस्थितियां शामिल है।

## भारत, यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते के लिए 14वें दौर की वार्ता संपन्न

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) के वरिष्ठ अधिकारियों ने ब्रुसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 14वें दौर की वार्ता पूरी कर ली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को दी जानकारी में बताया कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के अधिकारियों ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 14वें दौर की बातचीत पूरी कर ली है। अधिकारी ने बताया कि पांच दिवसीय ये वार्ता छह अक्टूबर को शुरू हुई थी, जिसका उद्देश्य वस्तुओं और सेवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर मतभेदों को दूर कर वार्ता को जल्द पूरा करना था। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच 6 अक्टूबर को ब्रुसेल्स में वार्ता शुरू करने वाले भारतीय वार्ताकारों के साथ इस दौर के अंतिम दिनों में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी शामिल हुए। अग्रवाल ने इस दौरान यूरोपीय आयोग (ईसी) में अपनी समकक्ष व्यापार महानिदेशक (डीजी-ट्रेड) सबाइन वेयंड से भी मुलाकात की। इसके बाद भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच अगले दौर की बातचीत शुरू होने से पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की इस महीने के अंत में ब्रुसेल्स की यात्रा की योजना बनाई जा रही है। गौरतलब है कि 15वें दौर की वार्ता नवंबर के मध्य में नई दिल्ली में होने की उम्मीद है क्योंकि दोनों पक्ष इस साल के अंत तक इस समझौते को अंतिम रूप देना चाहते हैं। जैसे-जैसे समय सीमा नज़दीक आ रही है।

# स्टॉक मार्केट में टाटा कैपिटल की फीकी एंट्री, मामूली फायदे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फाइनेंशियल सर्विसेज मुहैया कराने वाली टाटा सन्स की सब्सिडरी टाटा कैपिटल के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मामूली बढ़त के साथ एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 326 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग करीब 1 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 329.30 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 330 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में इस शेयर की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। सुबह 11 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर एनएसई पर 327.25 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे।

टाटा कैपिटल का 15,511.87 करोड़ रुपये का आईपीओ 6 से 8 के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.96 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 3.42 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.98 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.10 गुना और एंप्लॉयीज के लिए रिजर्व पोर्शन 2.92 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 6,846 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 26,58,24,280 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं। आईपीओ में नए शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी टियर-1 कैपिटल बेस बढ़ाने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए




दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 2,945.77 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 3,326.96 करोड़ रुपये और 2024-25 में उछल कर 3,655.02 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी कुल सालाना आय 44 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 13,637.49 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 में कंपनी को 1,040.93 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ, जबकि इस अवधि में कंपनी को 7,691.65 करोड़ रुपये की कुल आय हुई। इस दौरान कंपनी पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता गया। वित्त वर्ष 2022-23 के आखिर में कंपनी पर कर्ज 1,13,335.91 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिर में बढ़ कर 1,48,185.29 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह वित्त वर्ष 2024-25 के आखिर में कंपनी का कर्ज उछल कर 2,08,414.93 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो पहली तिमाही के बाद यानी जून 2025 के अंत में कंपनी पर 2,11,851.60 करोड़ रुपये का कर्ज था। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस की बात करें, तो वित्त वर्ष 2022-23 के आखिरी में ये 11,899.32 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी में बढ़ कर 18,121.83 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 के आखिरी में उछल कर 24,299.36 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो पहली तिमाही के बाद यानी जून 2025 के अंत में कंपनी के पास रिजर्व और सरप्लस में 29,260.88 करोड़ रुपये थे।


देश का दर्पण न्यूज प्राइवेट लिमिटेड 14 नंबर वीकेआई सीकर रोड जयपुर राजस्थान मोबाइल नंबर 701499 7449/ 7878970109 deshkadarpannews.@gmail.com website - www.deshkadarpannews.co/www.deshkadarpannews.com